


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 132

ग्वालियर, रविवार, 30 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# भाजपा किसान हितैषी पार्टी नहीं, चुनाव की वजह से भाजपा ने वापस लिए कृषि कानून : अखिलेश

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने किसानों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने सिर्फ वोट की खातिर अपने विवादास्पद कृषि कानून वापस लिए हैं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि यदि राज्य में उनकी सरकार बनी तो वे राज्य में इस तरह के किसी किसान विरोधी कानून को लागू नहीं होने देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मतदाताओं को भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। ज्ञात हो कि रालोद और सपा मिलकर उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ रहे हैं। मेरठ में पत्रकारों से बात करते हुए, अखिलेश ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट मतदाताओं से संपर्क साध रही है। भाजपा नेताओं ने रालोद प्रमुख को भगवा दल में आने का निमंत्रण दिया था और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में जाट नेताओं के साथ एक बैठक की थी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के नेता जाट मतदाताओं को साधने का प्रयास



कर रहे हैं, लेकिन आपको उसके झांसे में नहीं आना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन वह किसान विरोधी तीन कानून ले आई। किसानों ने सरकार को इन कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया। भाजपा ने वोट की खातिर इन कानूनों को वापस ले लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी पार्टी राज्य में इस तरह का कोई कानून लागू नहीं होने देगी। उन्होंने कहा हम और जयंत, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, अजीत सिंह और दिवंगत किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के सिद्धांत पर चलकर किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों की पैरोकारी को आगे बढ़ा रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा, इस बार भाजपा को राजनीतिक पलायन का सामना करना पड़ेगा. क्या आपने नहीं देखा कि हमारे बाबा मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ की ओर इशारा करते हुए) को किस तरह का पलायन करना है। वह अयोध्या से टिकट मांग रहे थे। मथुरा और प्रयागराज से टिकट मांग रहे थे, लेकिन उन्हें उनके गृहनगर से चुनाव लड़ने पर विवश किया गया। अखिलेश संवाददाता सम्मेलन के लिए मुजफ्फरनगर देर से पहुंचे। उन्होंने इससे पहले दिन में दावा किया था कि वह दिल्ली में फंस गए थे, क्योंकि उनके हेलीकॉप्टर को उड़ने की अनुमति नहीं दी गई।

## पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा ग्राम बिलपुरा में नशा मुक्ति को लेकर लोगो को दी गई समझाइश

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जिले में पशु तस्करी की रोकथाम एवं नशे से होने वाले



दुष्परिणामों के बारे में आम लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया है इसी तारतम्य में दिनांक 29.01.2022 को एसडीओपी पवई श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा उपनिरीक्षक घनश्याम मिश्रा द्वारा थाना स्टाफ के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिलपुरा में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा कर वहाँ के ग्राम वासियों को शराब से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुये भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाई गई । पूर्व में ग्राम बिलपुरा के आसपास के क्षेत्रों में लमानो समुदाय के लोगो द्वारा डेरा डालकर पशु तस्करी कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा पुलिस बल की मदद से लमानो समुदाय के डेरा को अपने थाना क्षेत्र से हटवाया गया एवं ग्राम वासियों को समझाइश दी गई कि क्षेत्र में होने वाली पशु तस्करी की सूचना तत्काल थाने में दे ।

## अगर सपा-बसपा की सरकार बनी, तो फिर से आएगा माफियाराज, जातिवाद

# भाजपा को वोट दिया तो उत्तर प्रदेश देश का नंबर वन राज्य बनेगा : अमित शाह

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि यही मुजफ्फरनगर है जिसने 2014, 2017 और 2019 में भाजपा की उत्तर प्रदेश में प्रचंड जीत की नींव डालने का काम किया है। यहीं से लहर उठती है जो काशी तक जाती है और हमारे विरोधियों का सूपड़ा साफ कर देती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का जब मैं प्रभारी बना था, तब शुरु में ही यहां दंगे हुए थे। तब की सरकार में आरोपी ही पीड़ित बन गए थे और जो पीड़ित थे, उन्हें आरोपी बना दिया गया। मैं उन दंगों की पीड़ा को भूला नहीं हूं।



शाह ने आगे कहा कि सपा, बसपा के शासन में उत्तर प्रदेश को माफियाओं ने कब्जे में ले लिया था। धर्म और जाति के आधार पर यहां राजनीति करने वालों का यहां बोलबाला था। 2017 में यहां योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने के बाद सारे गुंडे उत्तर प्रदेश की सीमा से बाहर चले गए। उन्होंने दावा किया कि पहले की सरकारों के शासन को उत्तर प्रदेश ने देखा है। बहन जी की पार्टी आती थी तो एक जाति की बात करती थी। कांग्रेस पार्टी आती थी तो परिवार की बात करती थी। सपा पार्टी आती थी तो गुंडा, माफिया और तुष्टिकरण की बात करते थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज भाजपा के पांच साल हो गए, न जाति की बात है, न परिवारवाद की बात है, न गुंडे, माफिया, तुष्टिकरण की बात है। भाजपा के शासन में सिर्फ और सिर्फ सुरक्षा और विकास की बात है। गृह मंत्री ने कहा कि आपका एक वोट उत्तर प्रदेश में माफिया राज भी ला सकता है और वही वोट माफियाराज से मुक्ति भी दिला सकता है। अगर सपा-बसपा की सरकार बनी, तो फिर से माफियाराज आएगा, जातिवाद आएगा। लेकिन अगर भाजपा को वोट दिया तो उत्तर प्रदेश देश का नंबर वन राज्य बनेगा। अमित शाह ने कहा कि आपका एक वोट उत्तर प्रदेश में माफिया राज भी ला सकता है और वही वोट माफियाराज से मुक्ति भी दिला सकता है। अगर सपा-बसपा की सरकार बनी, तो फिर से माफियाराज आएगा, जातिवाद आएगा। लेकिन अगर भाजपा को वोट दिया तो उत्तर प्रदेश देश का नंबर वन राज्य बनेगा। अखिलेश यादव और जयंत चौधरी के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भी हमला बोला।

## खास खबर

### प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने संभाला कार्यभार

**देहरादून।** प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस को और मजबूत बनाने का कार्य किया जायेगा। आज कांग्रेस भवन में प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ देकर एवं फूल मालाओं से रौतेला का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ज्योति रौतेला ने कहा है कि महिला कांग्रेस को और अधिक मजबूत किया जायेगा और अधिक से अधिक महिलाओं को जोडने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग की महिलाओं को संगठन में जोड़ने का काम किया जायेगा। वहीं उन्होंने हाईकमान व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, गढवाल मंडल मीडिया प्रभारी गरिमा महरा दसौनी, प्रदेश प्रवक्ता डा. प्रतिमा सिंह, महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

### महाराष्ट्र में अब महिला पुलिसकर्मियों को 12 नहीं 8 घंटे करनी होगी ड्यूटी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय पांडे ने एक आदेश जारी कर महाराष्ट्र की महिला पुलिसकर्मियों को खुशखबरी दी है. डीजीपी के आदेश के मुताबिक कि अब से समूचे राज्य में महिला पुलिसकर्मियों को 12 घंटे के बजाए 8 घंटे ही ड्यूटी करनी होगी. वहीं, महिला कर्मियों के लिए नया छोटा कार्य दिवस प्रयोग के आधार पर लागू किया जाएगा. हालांकि आम तौर पर, पुरुष और महिला दोनों कर्मियों की 12 घंटे की ड्यूटी होती है. इसके साथ ही कहा कि यूनिट कमांडरों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आदेश को लागू किया जाए. एक पुलिस अधिकारी के अनुसार महिला अधिकारियों को बेहतर कार्य-जीवन को संतुलन बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है. अधिकारी ने कहा कि इससे पहले यह व्यवस्था नागपुर शहर, अमरवती शहर और पुणे के ग्रामीण इलाकों में लागू की गई थी. हालांकि आपात स्थिति में या त्योहारों के दौरान महिला कर्मियों की ड्यूटी के घंटे बढ़ाए भी जा सकते हैं. मगर ऐसा केवल संबंधित जिला के एसपी या डीसीपी की अनुमति से ही हो सकेगा.

### घर आने से पहले कुछ दिन दुबई में बिताएंगे सीएम पिनराई विजयन

**तिरुअनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन अब घर आने से पहले कुछ दिन दुबई में बिताएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अब वह केरल की बजाय शनिवार को दुबई जाएंगे। कुछ दिन पहले जब उन्होंने कैबिनेट की ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता की थी तब भी उनकी योजना में बदलाव का कोई जिक्र नहीं था। कुछ दिनों के आराम के बाद, विजयन दुबई में चल रहे एक्सपो में केरल पवेलियन का उद्घाटन करेंगे। वह संयुक्त अरब अमीरात के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### छात्रों को स्कूल में नमाज पढ़ने की अनुमति देने पर शिक्षका निलंबित

**कोलार।** कर्नाटक शिक्षा विभाग ने कोलार जिले में स्कूल परिसर में छात्रों को नमाज अदा करने देने के आरोप में एक शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। सोमेश्वरपाल्या में बालचेंगप्पा कन्नड़ मॉडल हायर प्राइमरी स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका एस एम उमादेवी को लोक शिक्षण विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश कहा गया कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करें। धार्मिक सहिष्णुता, प्रथाएं और परंपराएं होनी चाहिए। छात्रों को स्कूल में नमाज अदा करने की अनुमति देकर एक विभाजनकारी मानसिकता पैदा होती है। आदेश में कहा गया है कि शिक्षक का कार्य कर्तव्य की उपेक्षा और उसकी ओर से लापरवाही को उजागर करता है।

## पत्नी को नही रखता पति,पिता के साथ आकर एस पी ऑफिस मैं आवेदन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी** - खबर शिवपुरी से है जहां पिपरौदा गांव में रहने वाली एक महिला जिसके पति व सास, एवं ममिया ससुर कैलाश के द्वारा महिला को आये दिन मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान करने एवं अवैध रूप से रूपयों की मांग करने और मना करने पर प्रार्थिया व दूधपीते बच्चे के साथ मारपीट कर घर से निकालने व पति द्वारा दूसरी महिला को भगाकर ले जाने के संबंध में आज एसपी ऑफिस आकर शिकायती आवेदन दिया है। वहीं पूरा मामला यह है कि ताराबाई आदिवासी जो पिपरौदा ग्राम थाना तेंदुआ तहसील कोलारस जिला शिवपुरी की निवासी होकर एक गरीब परिवार की महिला है। जिसकी शादी बाजू आदिवासी से जो ग्राम अगरा थाना बरगवां तहसील कराहल जिला श्योपुर के साथ शादी हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार आज से लगभग 3 वर्ष पूर्व सम्पन्न हुई थी। जिसका एक डेढ़ साल का दूध पीता बच्चा है और महिला 3 माह गर्भ से भी है। पति बाजू आदिवासी, ससुर बाबू आदिवासी एवं सास विनीता आदिवासी एवं ममिया ससुर कैलाश द्वारा महिला को आये दिन मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान प्रताड़ित किया जा रहा है और दूध पीते बच्चे के साथ भी मारपीट करते है ।

## मंदिर के नाम पर हड़पी नहीं जा सकती सरकारी जमीन, हर जगह मौजूद हैं भगवान : मद्रास हाईकोर्ट



**चन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने कहा है कि भगवान हर जगह मौजूद हैं। लिहाजा ईश्वर को अपनी दिव्य उपस्थिति के लिए किसी खास स्थान की आवश्यकता नहीं है। हाईकोर्ट ने यह बात एक केस की सुनवाई के दौरान कही। इस मामले में कोर्ट से एक सार्वजनिक जमीन पर मौजूद मंदिर को हटाने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा धर्म के नाम पर लोगों को बांटने के लिए सभी समस्याओं का मूल कारण कट्टरपंथी है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन और न्यायमूर्ति डी भरत चक्रवर्ती की बेंच ने की। जजों ने कहा कि कोर्ट में याचिका दायर करने वाले हाईवे की प्रॉपर्टी को मंदिर के नाम पर कब्जा नहीं कर सकते। साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस सार्वजनिक जमीन का इस्तेमाल किसी भी जाति और धर्म के लोग कर सकते हैं। जजों ने आगे कहा अगर याचिकाकर्ता भक्तों को विनयनगर की किसी भी हालत में पूजा करने की सुविधा देना चाहता है तो वे इसके लिए आजाद हैं। लेकिन इसके लिए वे अपनी ज़मीन दे। वहां मंदिर बनवाएं और भगवान को मूर्ति को उसी जगह जा कर रख दें। हाईकोर्ट में याचिका एस पेरियासामी नाम के एक शख्स ने दायर की थी। दरअसल स्टेड हाईवे डिपार्टमेंट ने तमिलनाडु के वेप्पानथात्ती से मंदिर हटाने को कहा था। मंदिर पेरमवलुर ज़िले में है। याचिकाकर्ता ही मंदिर के ट्रस्टी है। उन्होंने हाई कोर्ट में दलील दी कि यह मंदिर यहां 3 दशक से भी ज्यादा समय से है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मंदिर को बनाते समय ध्यान रखा गया था कि हाईवे पर गाड़ियों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा अगर मंदिर पिछले तीन दशक से वहां है तो वो इसको लेकर सारे कागजात दिखाए कि ये मंदिर की ज़मीन है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर मंदिर को वहां रहने की इजाजत दी जाती है तो फिर हर कोई ऐसी मांग करेगा।

## यूपी की चुनावी जंग में अब पीएम मोदी का प्रवेश, 31 जनवरी को करेंगे पहली वर्चुअल रैली



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की योगी सरकार फिर से सत्ता में काबिज होने के पूरे जोश से सक्रिय हो गई हैं। हालांकि कोविड-19 प्रोटोकॉल की वजह से राजनीतिक दलों को चुनावी सभा करने की इजाजत नहीं है। यही कारण है कि राजनीतिक दल डिजिटल रैलियों के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने भी उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत झोंक रखी है। खबर के मुताबिक भाजपा के लिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उत्तर प्रदेश के दंगल में उतरने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में वर्चुअल रैली करेंगे।

जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पहली रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली वर्चुअल होगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस वर्चुअल रैली को 5 जिले शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, सहारनपुर, गौतम बुद्ध नगर में दिखाया जाएगा। इसमें कुल 21 विधानसभा में शामिल होंगी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि अगर चुनाव आयोग फिजिकल रैली और रोड शो पर प्रतिबंध को बढ़ाता है तो प्रधानमंत्री इसी तरह की आभासी रैली आगे भी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि मोदी की इस वर्चुअल रैली के लिए प्रत्येक भाजपा मंडल में एक एलईडी स्क्रीन होगी जहां उनके संबोधन को दिखाया जाएगा।

21 विधानसभाओं को कवर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को 100 स्थानों पर दिखाने की योजना है। प्रति स्थानों पर कम से कम 500 लोगों को कवर किया जाएगा। भाजपा कहीं ना कहीं प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली के जरिए 50,000 से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। भाजपा थिंकटैंक जनता के बीच प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का उपयोग करना चाहता है तथा वर्चुअल रैलियों के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश भी कर रहा है। वर्तमान में देखें तो भाजपा के सभी बड़े नेता जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजनाथ सिंह शामिल हैं उत्तर प्रदेश में डोर टू डोर कैंपेन कर रहे हैं।

## पंजाब में कांग्रेस के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं : सीएम चन्नी

**नई दिल्ली।** पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में सीधी टक्कर दिख रही है। हालांकि अपनी पार्टी का सीएम फेस की घोषणा करके आप कांग्रेस से एक कदम आगे चल रही है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल कई दफे चरणजीत सिंह चन्नी पर हमला बोल चुके हैं। प्रदेश में पार्टी की तमाम मुश्किलों को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने खुलकर बात की। उन्होंने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने के पार्टी के फैसले, उनके काम और उनके खिलाफ विपक्ष के आरोपों पर अपने विचार साझा किए।



चन्नी से पूछा गया कि कांग्रेस ने पंजाब चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा अभी तक क्यों नहीं की गई है?इसके जवाब में चन्नी ने साफ किया कि कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह नहीं है, क्योंकि पंजाब के लोग इस बार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद की मांग कर रहे हैं और हमारे पार्टी नेतृत्व ने पंजाबियों की मांग को स्वीकार कर लिया है। चन्नी ने कांग्रेस के पूर्व नेता और सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह पर भी हमला बोलकर कहा कि सीएम बनने के बाद, मैंने बेअदबी के मामलों की जांच के लिए एक नई विशेष जांच टीम का गठन किया और रेत, ड्रग और शराब माफिया पर अंकुश लगाने के लिए %मिशन क्लीन% की शुरुआत की। इतना ही नहीं वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया सहित शक्तिशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पंजाब में साढ़े चार साल तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उन्हें शरण दी थी। मेरी सरकार ने उन किसानों का 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ किया जिनके पास पांच एकड़ तक की जमीन है।वहीं स्थानीय युवाओं को सरकारी और निजी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए नया कानून लाया जाएगा। चन्नी ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। लोगों ने मेरे चार महीने के काम को पसंद कर रहे है। मैं लोगों के संपर्क में हूं और मैंने उनके कल्याण के लिए धन दिया है, जो पहले गायब थे, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्रियों को अपना खजाना भरने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

### महाराष्ट्र- नंदुरबार के समीप गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन की पैंट्री कार में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नंदुरबार रेलवे स्टेशन के समीप गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन की पैंट्री कार में शनिवार को आग लगने का हादसा हो गया गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रवक्ता के एक बयान में कहा गया है कि आग सुबह लगभग 10.35 बजे लगी जब ओडिशा जाने वाली ट्रेन (12993) रेलवे स्टेशन पर आने ही वाली थी। इसमें बताया गया कि ट्रेन में 22 डिब्बे थे।

## पाक की एक और नापाक हरकत, बोट समेत 7 भारतीय मछुआरों को अपहरण

**पोरबंदर।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान मरीन ने फिर एक बार बोट समेत। भारतीय मछुआरों का बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया है। यह घटना 28 जनवरी की रात की है। पाकिस्तानी कोस्ट गार्ड ने भारतीय जल सीमा के निकट से पोरबंदर की एक बोट समेत । मछुआरों का अपहरण किया है। तुलसी मैया नामक बोट का भारतीय जल सीमा से अपहरण किया गया है। अपहरण की गई बोट वत्सल प्रेमजी थापणिया की होने का पता चला है। जानकारी के मुताबिक तुलसी मैया नामक बोट ओखा से मच्छीमारी करने समुद्र में गई थी। जिसमें । मछुआरे सवार थे। इंजन खराब होने से रात्रि के दौरान बीच समुद्र में फंस गई थी। जिसका फायदा उठाते हुए पाकिस्तान मरीन ने बोट समेत । भारतीय मछुआरों का अपहरण कर लिया। शुक्रवार की दोपहर तक बोट उसके मालिक प्रेमजीभाई थापणिया के संपर्क में थी और उसके बाद अचानक संपर्क टूट गया। उससे पहले पाकिस्तानी एजंसी की बोट आ रही होने का मछुआरों ने बताया था और उसके बाद संपर्क टूट गया। बीच समुद्र में फंसी बोट में सवार मछुआरों की मदद करने के बजाए पाकिस्तान मरीन ने उनका अपहरण कर लिया। गौरतलब है कि देश में सबसे लंबा 1600 किलोमीटर का समुद्र किनारा गुजरात में है और इसके तटीय क्षेत्र में रहनेवाले लाखों लोग मच्छीमारी के व्यवसाय से जुड़े हैं। मच्छीमारी के लिए मछुआरे हमेशा भारतीय सीमा में ही रहते हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में कमेंट्री नहीं करेंगे शास्त्री

**मुम्बई** । वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली घरेलू एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए कमेंट्री पैनल में भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री को शामिल नहीं किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फरवरी में होने वाली तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज के लिए जिन सात कमेंटेटरों का नाम घोषित किया है। उसमें शास्त्री शामिल नहीं है। इस पैनल में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर, अजित अगरकर, हर्षा भोगले, मुरली कार्तिक, दीप दासगुप्ता और लक्ष्मण शिवारामाकृष्णन के अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का नाम भी शामिल है। वहीं शास्त्री श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में भी कमेंट्री नहीं करेंगे। यह भी कहा गया है कि शास्त्री आईपीएल 2022 तक कमेंट्री पैनल से दूर रहेंगे। वह अभी लीजेंड्स लीग क्रिकेट के साथ ही अन्य कामों में व्यस्त हैं। इसलिए अभी कमेंट्री नहीं करेंगे। वहीं इससे पहले माना जा रहा था कि कोच का कार्यकाल समाप्त होने के बाद ही शास्त्री कमेंट्री शुरु कर देंगे पर ऐसा हुआ नहीं। शास्त्री अभी मस्कट में लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर के तौर पर काम कर रहे हैं।

### रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा न करें

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि रणजी ट्रॉफी शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट है ओर इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिये। शास्त्री के अनुसार रणजी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट की रीढ़ के समान है। इसलिए इसपर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिये। शास्त्री ने ट्वीट किया, रणजी ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट की रीढ़ की हड्डी है। जिस पल से आप इसे नजरअंदाज करना शुरू करेंगे, हमारा क्रिकेट भी रीढ़ विहीन होने लगेगा। भारतीय क्रिकेट आज जहां भी है वह रणजी से निकले क्रिकेटरों के कारण ही है। गौरतलब है कि पिछले दिन बीसीसीआई ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए अन्य घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ ही रणजी ट्रॉफी को भी स्थगित कर दिया था। रणजी ट्रॉफी इस साल जनवरी में शुरू होने वाली थी जो अब तक शुरु नहीं हो पायी है। वहीं पिछले सत्र में भी इसका आयोजन नहीं हो पाया था जबकि आईपीएल का आयोजन हुआ था। शास्त्री से पहले भी कई दिग्गजों ने कहा था कि रणजी ट्राफी क्रिकेट का आधार है और उसके प्रति गंभीर होना पड़ेगा।

### पीटरसन ने प्रधानमंत्री का आभार जताया

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पत्र को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए हिंदी में प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। पीटरसन ने लिखा, आदरणीय मोदी जी, मुझे लिखे गए खत में अविश्वसनीय रूप से जिस तरह की भावना आपने जताई है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। 2003 में भारत में कदम रखने के बाद से मुझे हर यात्रा पर आपके देश से और प्यार हो गया था। भारत में वन्यजीवों की रक्षा के लिए आप जो कुछ भी कर रहे हैं, उसके लिए आपको धन्यवाद देने के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकता हूं।

# मुम्बई में ही खेले जाएंगे आईपीएल के सभी मुकाबले

### 20 फरवरी को औपचारिक घोषणा करेगी बीसीसीआई

**मुम्बई** । कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र के सभी मुकाबले मुंबई में खेले जा सकते हैं। बीसीसीआई पदाधिकारियों की इस मामले में हुई एक बैठक में सभी का मानना है कि आयोजन पूरी तरह मुंबई में ही कराना सही रहेगा। इसके पीछे यह तर्क दिया गया है कि मुंबई में संक्रमण के मामले तेजी से घटे हैं। वहीं इससे पहले हुई बैठक में बीसीसीआई ने आईपीएल 2022 को दक्षिण अफ्रीका में भी आयोजित करने का विकल्प खुला रख था। टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की अंतिम औपचारिक घोषणा 20 फरवरी को की जा सकती है। बीसीसीआई पदाधिकारियों के अनुसार कोरोना की तीसरी लहर का पीक कई शहरों में आ चुका है और अब संक्रमण की रफ्तार कम होने लगी है। ऐसे में विदेश में टूर्नामेंट कराने की जरुरत नहीं है। अभी मुंबई के तीन स्टेडियमों वानखेड़े, ब्रेबोर्न और नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम को आईपीएल 2022 के लिए नामांकित किया गया है। वहीं अगर जरूरत पड़ी तो पुणे को भी मैच स्थल बनाया जा सकता है।

बीसीसीआई के अनुसार मुंबई और उसके आसपास आईपीएल 2022 कराने का एक लाभ यह होगा कि टीमों को हवाई यात्रा नहीं करनी होगी। इससे बायो-बबल के अंदर कोरोना संक्रमण होने की आशंका नहीं है। वहीं अभ्यास के लिए बांद्रा कुर्ला स्टेडियम का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुंबई के जिन 3 स्थलों को आईपीएल 2022 (आईपीएल 2022) के लिए नामांकित किया गया है। इसमें बायो-बबल को मेंटेन करना आसान है क्योंकि इन स्टेडियम के आस-पास कई पांच सितारा होटल हैं। ऐसे में खिलाड़ियों की आवाजाही एक निश्चित सीमा में ही होगी। इससे पहले, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी कहा था कि बीसीसीआई की पूरी कोशिश होगी कि आईपीएल का आयोजन भारत में ही हो।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल

# बांग्लादेश से भिड़ेगी टीम इंडिया

**एंटिगा।** वेस्टइंडीज में खेला जा रहा अंडर-19 वर्ल्ड कप अब अपने अंतिम दौर में है। शनिवार को टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया का सामना बांग्लादेश से होगा। दोनों के बीच ये मैच एंटिगा के मैदान पर खेला जाएगा। जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना लेगी। भारतीय टीम के पास बांग्लादेश से दो साल पहले मिली हार का बदला लेने का बढ़िया मौका है। 2020 के अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में बांग्लादेश ने भारत को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था। मैच में टीम इंडिया केवल 170 रन के स्कोर पर सिमट गई थी। बांग्लादेश को बारिश के कारण डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 46 ओवर में जीत के लिए 170 रन का लक्ष्य मिला था। इसे उसने 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। शनिवार को भारत उस मैच में मिली हार का हिसाब चुकता करना चाहेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में दोनों टीमों के बीच कुल 5 मैच खेले गए हैं। इनमें टीम इंडिया ने तीन और बांग्लादेश ने दो में जीत दर्ज की है। आंकड़ों के आधार पर दोनों में से किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। टीम इंडिया ने अंडर-19 वर्ल्ड कप से ठीक पहले खेले गए एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 103 रन से हराया था। क्वार्टर फाइनल से पहले युवा भारतीय ब्रिगेड के लिए अच्छी खबर ये हैं कि टीम के कप्तान यश धुल सहित 5 अन्य भारतीय खिला?ियों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। ये सभी खिलाड़ी इस अहम मुकाबले के लिए मौजूद रहेंगे। हालांकि, पिछले दो मैचों में टीम की कप्तानी करने वाले निशांत सिंधु कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।



#### कमाल के फॉर्म में है टीम इंडिया

अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने अब तक कमाल का खेल दिखाया है। टीम ने लीग स्टेज में कुल तीन मैच खेले और सभी में जीत दर्ज की। पहले मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 45 रन, दूसरे मुकाबले में आयरलैंड को 174 रन और तीसरे मैच में युगांडा को 326 रन के बड़े अंतर से हराया। टीम अपने ग्रुप में 6 अंकों के साथ टॉप पर रही। वहीं, बांग्लादेश ने 3 में से दो मुकाबले जीते। पहले मैच में उसे इंग्लैंड के खिलाफ 7 विकेट से हार मिली, लेकिन इसके बाद टीम ने शानदार वापसी करते हुए कनाडा को 8 और यूएई को 9 विकेट से हराया।

#### भारतीय टीम

यश धुल (कप्तान), हरनूर सिंह, अंगक्रिश रघुवंशी, शेख रशीद, सिद्धार्थ यादव, अनीश्वर गौतम, मानव पारख, कौशल तांबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, विक्की ओस्तवाल, गर्व सांगवान, दिनेश बाना, आराध्या यादव, राज बावा, वासु, रवि कुमार।

#### बांग्लादेश की टीम

रकीबुल हसन (कप्तान), अब्दुल्ला अल मामून, अरफुल इस्लाम, मोहम्मद फहीम, महफिजुल इस्लाम, रिपन मोंडोल, नैमुर रोहमन, तंजीम हसन साकिब, प्रांतिक नवरोज नबील, आइच मुल्ला, आशिकुर जमान, इफ्ताखेर हुसैन इफती, एसएम महरोब, मुसफिक हसन, तहजीबुल इस्लाम।

### महिला विश्व कप क्रिकेट तय समय पर ही होगा ः आंद्रिया

**दुबई** । कोरोना संक्रमण के बाद भी महिला विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन न्यूजीलैंड में तय समय पर ही होगा। आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आंद्रिया नेल्सन ने कहा है कि मेजबान देश न्यूजीलैंड में कोरोना संक्रमण के बाद भी कार्यक्रम या स्थलों में किसी प्रकार का कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। मेजबान देश ने जो बदलाव पिछले दिनो किये थे वह घरेलू टूर्नामेंटों को लेकर थे उनका विश्व कप से कोई संबंध नहीं है। महिला विश्व कप का आयोजन 4 मार्च से न्यूजीलैंड में होगा इसमें टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मेजबान कीवी टीम का मुकाबला वेस्टइंडीज से होगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में जिस प्रकार न्यूजीलैंड में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी आई और उसके कारण कई पाबंदियां लगाई गई। उससे यह माना जा रहा था कि कार्यक्रम में बदलाव होगा। नेल्सन ने कहा, 'हम यहां पिछले कुछ समय से 2022 में विश्व कप की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं जिसे पहले 2021 में कराया जाना था। हम तकय समय के अनुसार ही चल रहे हैं और तौरंगा में शुरूआती मैच से 35 दिन और क्राइस्टचर्च में हेगले ओवल में फाइनल से 66 दिन दूर हैं।






# सिंध नदी में नाव पलटने दो लोग लापता, 12 को सुरक्षित निकाला

### भण्डारा खाकर लौट रहे नाव में सवार लोग

भिण्ड। रौन तहसील के ग्राम हिलगवां एवं तहसील भिण्ड ग्राम तहनगुर के मध्य सिंध नदी में शुक्रवार की देर शाम को भण्डारा खाकर वापस लौट रहे लोगों की नाव पलट गई। नाव में 14 व्यक्ति सवार थे। जिनमें 12 व्यक्तियों को ग्रामीणों द्वारा नदी से सुरक्षित निकाल लिया गया है। वहीं दो व्यक्ति लापता हैं, जिनके रेस्क्यू हेतु होम गार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम दो बोट सहित स्पॉट पर पहुंच गई है। एडीएम एवं एएसपी भी मौके पर मौजूद हैं।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सिंध नदी में एक नाव पलट गई। जिसके बाद नदी में डूब रहे 14 लोगों में से 12 को उसी वक्त बचा लिया गया, लेकिन दो बच्चे अब भी लापता हैं। ये हादसा नयागांव थाना इलाके में हुआ, सभी लोग भागवत कथा का भंडारा टेहनगुर गांव से हिलगवां लौट रहे थे। हादसे की वजह टूटी-फूटी व जर्जर नाव को बताया जा रहा है, जिसमें क्षमता से ज्यादा लोग भी सवार थे। जब नदी की बीच धार में नाव पहुंची तो उसमें पानी भरने लगा, जिससे घबराकर सभी लोग खड़े हो गए। इतने में नाव पलट गई और नदी में समा गई। पुलिस और प्रशासन की टीम ने देर रात 12 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए 12 लोगों को बचा लिया। साथ ही शनिवार सुबह सात बजे टीम ने दोबारा लापता बच्चों की तलाश शुरू कर दी। भिंड अनुविभाग और लहार अनुविभाग के अफसर भी मौके पर पहुंचे।

### घबराकर लगाए जयकारे...

हादसे के शिकार सभी ग्रामीण सिंध के दूसरे छोर पर भंडारा खाने गए थे। वहां से वापस आते वक्त ये हादसा हो गया। नाव में सवार लोगों के मुताबिक बीच धार में आते ही नाव में पानी भरने लगा था। हम घबरा गए। सभी खड़े हो गए। बच्चे घबराकर जयकारा लगाने लगे। नाव डगमगाते हुए पलट गई।

### बांस के सहारे चल रही थी नाव

टूटी-फूटी नाव को बांस के लट्ठों के सहारे चलाया जा रहा था। हादसे की वजह लापरवाही है। द्रोपदी पुत्री सुखेड़ी बघेल निवासी हिलगवां रौन, ओम पुत्र सुभाष बघेल निवासी मिर्जापुर (यूपी) लापता है।

# मेहगांव के मेडिकल स्टोर पर एसडीएम वरुण अवस्थी और एसडीओपी आरकेएस राठौड़ की संयुक्त कार्यवाही



मेहगांव। मेहगांव के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मेहगांव आरकेएस राठौड़ के द्वारा जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर मेडिकल स्टोर एवं ढाबा, रेस्टोरेंट पर जांच की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी मेडिकल स्टोर पर दैनिक दवा विक्रय एवं आपूर्ति आदि के लिये रेजिस्टरो की जांच की गई। इस दौरान अधिकारियों ने जांच करते हुये कुछ मेडिकल स्टोर पर पाया कि वहाँ दैनिक विक्रय के रेजिस्टर उपलब्ध नही है उन्हें दवाओं आदि से संबंधित निर्देश एवं कोरोना गाइड लाइन का पालन करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारियों से हुई बातचीत में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी वरुण अवस्थी ने बताया की जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं ऐसी सूचना मिली थी की मेडिकल स्टोर पर कुछ प्रतिबंधित दवाओं को एवं अल्कोहल दवाओं का विक्रय किया जा रहा है। इस दरमियान मेहगांव पुलिस के विशेष दस्ते एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी मेडिकल स्टोर एवं होटल, रेस्टोरेंट की जांच की जा रही है अभी सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देश दिये है आगे किसी भी प्रकार की कमी मिलेगी तो आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी बिहारी स्कूल के संचालक राजेश शर्मा को मातृ शोक, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब



**103 वर्ष के बाद एकादशी को ली अंतिम साँस**

भिण्ड। समाज के उत्थान के लिए हर वक्त प्रथम पंक्ति में खड़े नजर आने वाले समाजसेवी बाँके बिहारी शिक्षा प्रसार समिति के संचालक राजेश शर्मा की माताजी श्रीमती जैन श्री देवी ने 103 वर्ष यानि एक शताब्दी से अधिक इस धरा पर रहकर, चीन, पाकिस्तान तमाम प्रतिद्वंद्वी देशों से हर वक्त होती लड़ाई व अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुये भारत का वो दौर भी अपनी आँखों से देखा और आखिरकार इस धरा से हर आत्मा को अपना शरीर छोडकर भवसागर जाना होता है, उस कड़ी में उन्होंने अपना शरीर विगत दरम्यानि करीब रात्रि समय 2 बजकर 40 मिनिट द्वादशी यान दो एकादशी एक साथ पाकर अपनी अंतिम इच्छा भी पूर्ण करते हुये अपने शरीर छोडकर इस दुनिया से विदा हों गई। स्व. श्रीमती जैन श्री देवी रिटायर्ड प्राचार्य रामलखन शर्मा आजाद की पूज्य भाभी जी एवं विशंभर दयाल शर्मा, रामदत्त शर्मा, शिवदत्ता शर्मा, श्रीकृष्णदत्त शर्मा, हरिदत्त शर्मा व श्री देवदत्त शर्मा की माँ थी, उन्होंने अपना पूरा भरा खुशहाल परिवार छोडकर इस पृथ्वी के अंतिम दृश्य देखकर विदा हो गईं। कहते हैं जो आत्मा रूपी शरीर इस कलयुग में अपनी आँखों के सामने नाती, पंती, संती को देख लेता है वह वाकई में देव शक्ति ही होती है, उनका अंतिम संस्कार उनके पैत्रिक गाँव अटेर क्षेत्र के जलपुरा में कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुये किया गया, जहाँ जनप्रतिनिधि से लेकर जिले का प्रबुद्धजन व पत्रकारगण के अलावा शिक्षा जगत के तमाम प्रतिनिधि तथा भारी संख्या में उनके अंतिम दर्शन करने के लिए जमघट जुड़ा, हर कोई यही कहता नजर आया कि आज के दौर में 103 वर्ष जीना बहुत बड़ी बात है। शोकाकुल परिवार को लोग ढाँढस बंधाते भी देखे गये। उनकी अंत्योष्टी में प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पत्रकारी दीपक चौधरी, संजय शर्मा, गिर्राज पाण्डेय, गणेश भारद्वाज, कमलकिशोर शर्मा, कौशल शर्मा, मनीष ऋषिश्वर सहित तमाम शिक्षा जगत के नागरिकगण मौजूद थे।

### जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन वर्चुअल होगा कल

भिण्ड । आत्मनिर्भर म.प्र. निर्माण के अन्तर्गत जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड द्वारा प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया जा रहा है। जिसमें जिले के बेरोजगार युवक/ युवतियां लिंक अथवा बारकोड को स्केन कर 30 जनवरी 2022 तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। जिला रोजगार अधिकारी भिण्ड ने बताया कि प्लेंसमेंट ड्राईव में मालनपुर की जमना ऑटो इंडस्ट्रीज लि., स्टेरलिंग एग्रो इंडस्ट्रीज लि., पुंजलॉयड लि., सूर्या रोशन लि. एवं अन्य कंपनियों द्वारा विभिन्न पदो पर भर्ती की जावेगी। भर्ती हेतु योग्यता न्यूनतम हाईस्कूल से पोस्ट ग्रेजुऐशन तक कंपनी अनुसार अलग-अलग रहेगी। आवेदको से कंपनी द्वारा दूरभाष पर संपर्क किया जावेगा। कंपनी साक्षात्कार बुलाये जाने पर निर्धारित स्थान पर नियत दिनांक को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।



### बॉलीबॉल का उद्घाटन कर खिलाड़ियों को दी शुभकानाएं

मेहगांव । शनिवार को ग्राम नुनहाड़ में आज वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अथिति के रुप मे कांग्रेस के युवा नेता जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदौरिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद

# छज्जा गिरने से पांच घायल



भिण्ड। शहर कोतवाली के अंतर्गत नयापुरा में रात के समय पुराने मकान का छज्जा गिरने से पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें तत्काल जिला अस्तपाल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के नयापुरा में पुराने मकान में नीचे पांच दोस्त बैठे थे। तभी कल्लू खान, ईशान खान, छोटू खान, मंजून खान, गोलू खान घायल हो गए। यह घटना रात की बताई जा रही है। हादसे के बाद छज्जे के मलवा से लोग घायलों को लेकर जिला अस्तपाल पहुंचे, जहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ईशान की हालत को गंभीर बताया और ग्वालियर रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

इधर माधौगंज के निकट गड्ढा मोहल्ला में शुक्रवार रात सवा नै बजे के लगभग एक मकान का छज्जा अचानक धराशायी हो जाने से 4 लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है, उसे ग्वालियर रैफर किया गया है। यहां बता दें शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 के गड्ढा मोहल्ला निवासी इश्तियाक खान का 40 साल पुराना मकान है। शुक्रवार की रात सवा नै बजे उनका 40 साल का लड़का मंजूर खान मकान के छज्जे पर बने शौचालय में शौच के लिए गया था। तभी छज्जा भरभराकर गिर गया। जिससे वह छज्जे सहित सड़क पर आ गिरा। नीचे सड़क पर कुछ लोग अलाव ताप रहे थे, वे लोग छज्जे की चपेट में आ गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। सबसे पहले स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर घायल एक युवक को ग्वालियर रैफर किया गया है।

### हादसे में यह लोग हुए घायल

इश्तियाक खान का 40 वर्षीय बेटा मंजूर खान सहित अलाव पर ताप रहे 18 वर्षीय छोटू खान पुत्र जगवीर खान, 22 वर्षीय इलू खान पुत्र समर खान टेलर, 26 वर्षीय जीशान खान पुत्र मुन्ना चौधरी इस हादसे में घायल हो गए। इन सभी घायलों को आनन- फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां से एक घायल को ग्वालियर के जेएएच के लिए रैफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बताई गई है।

# सूर्य रोशनी के प्लांट हेड प्रबंधक एवं सी सी ओ को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्त पत्र भेंट



मालनपुर। गणतंत्र दिवस के 73 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में मध्य प्रदेश शासन प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सूर्य रोशनी के प्लांट हेड प्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी एवं सी सी ओ सौरभ भार्गव को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्त पत्र प्रदान किया ज्ञात रहे उद्योगक्षेत्र मालनपुर की इकाई सूर्या रोशनी लिमिटेड ने कोविड 19 की दूसरी लहर के दौरान प्रशासन के मनसा नुसार अपने प्रोडक्शन को बंद कर 5 जिलों में निशुल्क ऑक्सीजन की सप्लाई लगातार 3 माह तक दी गई थी इस प्रस्तत पत्र प्राप्त करने के उपरांत सूर्या रोशनी प्लांट महा प्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी ने प्रभारी मंत्री मध्य प्रदेश शासन को बधाई दी और कहा इस प्रकार की उपलब्धता सभी सूर्या रोशनी कंपनी के स्टाफ की मेहनत का प्रतिफल है कम्पनी के एच आर एडवोकेट संजय सिंह कुशवाह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया इस अवसर पर श्रीमती संध्या राय भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस व जिला पुलिस कप्तान शैलेंद्र सिंह चौहन अन्य कर्मियों के सात थे। इस पुनीत कार्य करने पर सूर्या रोशनी माह प्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी को उनके चाहने वालों एवं मित्र गणों स्थानीय जनता ने आज बधाई दी है बधाई देने बालों में नोवा के जी एम आदित्य शुक्ला, गोदरेज के महा प्रबंधक अभिनाश मिश्रा,टेवा के एच आर हेड मनोज मिश्रा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र शर्मा, जीतेन्द्र नागवानी, के के शर्मा, दिनेश परिहार, संतोष पाठक, आदि शामिल है इसमें कहा गया इस महामारी कोविड में हजारों पीड़ितों की जान बचायी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की तीसरी और अंतिम सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



भिण्ड । एमजेएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की तीसरी और अंतिम सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रथम चरण में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनूप श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा गया कि वृक्ष है तो हम हैं अर्थात वृक्षों को देवता तुल्य मानना चाहिए इसी क्रम में विशाल सिंह भदोरिया (वन विभाग) ने अपने विचारों गूगल के पेड़ पर विशेष बल दिया तत्पश्चात शिव शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर लाजपत सिंह बघेल ने बताया कि हमें समाज में बदलाव लाने से पहले स्वयं में सबसे पहले बदलाव लाना होगा एवं मतदाता जागरूकता के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके उन सभी को मतदाता पत्र बनवा कर अपना मतदान सुनिश्चित करें ताकि लोकतंत्र में मजबूत भागीदारी हो सके। प्रोफेसर रामानंद शर्मा (समाजसेवी) ने बताया जागरूकता प्रसार प्रचार करना अति आवश्यक है एवं प्रोफेसर मालवीय विमल ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा से ही सभ्यता का विकास हो सकता है इस बात को विस्तारपूर्वक समझाया और प्रोफेसर ममता भदौरिया ने महिलाओं की विशेषकर किशोरियों की स्वच्छता की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा किशोरियों को इसके प्रति जागरूक करना अति आवश्यक है इसके बाद वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरव सिंह खंडेलवाल ने पीपल का पेड़ आम नागरिकों को रोपित करना चाहिए क्योंकि पीपल का वृक्ष धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है क्योंकि यह रात दिन लगातार ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है अगर यह प्रचुर मात्रा में लगा होगा तो हमें कृतिम ऑक्सीजन की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसी क्रम में सुशील कुमार सुमन पाल सत्यम राजोरिया अनिल शाक्य बृजेश मित्तल ने भी सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए अपने विचार एवं सुझाव प्रकट किए कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम अवधेश शर्मा रासेयो इकाई-2 ने सभी माननीय सदस्य गणों का आभार व्यक्त किया।

# डीपी से परेशान वार्डवासियों ने बिजलीघर का किया घेराव

भिण्ड। कई दिनों से वार्ड क्रमांक 27 में बिजली डीपी की समस्या को लेकर अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से काफी समय से वार्ड वासी परेशानी का सामना कर रहे हैं कोई भी अधिकारी कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते बिजली विभाग में ऐसी समस्याओं को लेकर आज बिजली घर का घेराव किया और धरना प्रदर्शन किया गया। कई बार फोन करने के बाद भी कई बार आवेदन देने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता। जिससे आक्रोशित होकर वार्डवासियों ने इकट्ठा होकर बिजलीघर का घेराव कर दिया साथ ही नारेबाजी शुरू कर दी। बता दें वार्ड में कई दिनों से डीपी खराब होने की समस्या थी जिसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर सीएम हैल्पलाईन पर शिकायतें की परन्तु डीपी नहीं बदली गई। सबजगह से शिकायतों के बाद वार्डवासियों ने बिजलीघर पर ही धरना खोल दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। आनन फानन में आये बिजली अधिकारियों ने वार्डवासियों की समस्या सुनकर उसे तुरंत निराकरण कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग धरने से उठे साथ ही उपभोक्ताओं को एक बार में फोन उठाने की चेतावनी दी। धरना प्रदर्शन समाजसेवी रक्षपालसिंह राजावत के नेतृत्व में हुआ उनके साथ वार्ड के अन्य लोग मौजूद रहे।



## स्पष्टवादिता और सत्यनिष्ठा की मिसाल थे गांधी जी

**योगेश कुमार गोयल**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के कई किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके महान् व्यक्तित्व की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?''इस पर बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?'' गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।'' गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दुःखियों का दुःख मिटाने वाले गांधी जी ...।'' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान न सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया। बात उन दिनों की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा, ''इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके।''

# विचारधारा मे हमेशा जीवित रहेंगे महात्मा गांधी !

**डा.श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

देश और दुनिया के लिए महात्मा गांधी उन महान व्यक्तित्वों में से एक थें जो अपने विश्वास पर हिमालय की तरह अटल और द्रढ रहते थे ससांर का प्रत्येक व्यक्ति सोचता है कि गांधी जी एक उत्तम व्यक्ति थें तो उन्हे क्यों मार डाला गया यह सवाल अनेक लोगों ने उठाया लेकिन इसका जवाब है कि कुछ लोग नही चाहते कि देश दुनिया में भले लोगो का वजूद कायम रहे इसी कारण कुछ सिरफिरे ऐसे महानतम लोगो के भी दुश्मन बन जाते है। महात्मा गांधी की यह भी विषेशता थी कि वह चाहे कही भी रहे और चाहे जिस तरह के काम व्यस्त हो लेकिन हर रोज सुबह सबसे पहले प्रार्थना जरूर करते थे। अपने देश के लोगों में भी महात्मा गांधी शीर्ष स्तर पर छाये रहे। वास्तव में यदि कोई सार रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने में योग्य था तो वह सिर्फ और सिर्फ महात्मा गांधी थे। बहुत सी बातों में लोगों का गांधी जी से मतभेद हो सकता है और बहुत से लोग उनसे अधिक विद्वान हो सकते है परन्तु उनमें चरित्र व राष्ट्रभक्ति की जो महतता है उसके कारण वह सब लोगों के आदर्श बन गये थे। गांधी जी निसंदेह उस धातु के बने हुए है जिस धातु से शुरमा और बलिदानी लोगों का निर्माण होता हैं आत्मिक शक्ति के बल पर महात्मा गांधी विश्व भर में छाये रहे।लेकिन दुर्भाग्य है कि देश को आजाद कराने का प्रबल आधार स्तभ बने महात्मा गांधी के प्रति कृज्ञता अभिव्यक्त करने के बजाए कुछ लोग उनके हत्यारे को महिमा मंडित करने का निदंनीय प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगो को देश कभी माफ नही करेगा।

विचारधारा की भिन्नता के कारण ही सिरफिरे नाथूराम गोड़से ने दुनिया को अहिंसा का संदेश देने वाले उस मोहनदास कर्मचन्द गांधी को मार डाला था,जिससे भारत ही नही पूरी दुनिया प्रभावित थी और आज भी जिसका प्रभाव बरकरार है।एक ऐसा गांधी जिसने कभी अपने बारे में नही सोचा।एक ऐसा गांधी जिसने कभी अपने परिवार के बारे में नही सोचा, एक ऐसा गांधी जिसने कभी किसी पद या कुर्सी की चाहत नही की।जिसे पूरी दुनिया आज भी बापू के रूप में सम्मान दे रही है,उस महान शख्सियत की गोलियों से भून कर हत्या हो जाना ,यह प्रमाणित जरूर करता है कि उस समय भी और आज भी हिंसा ने अहिंसा को बर्दाश्त नही किया है।ये दो धारायें आज भी एक दूसरे से समय समय पर टकराती है तो गांधी याद आते है।

गांधी जी एक ऐसे महान व्यक्ति थे, जिन्हें मानवता की समझ थी। उनकी जिंदगी ने मुझे बचपन से ही प्रेरित किया है। दलाई लामा के ये शब्द आज भी गांधी के प्रेरक व्यक्तित्व का दर्पण है। अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति बराकओबामा के शब्दों में, अपनी जिंदगी में प्रेरणा के लिए मैं हमेशा गांधी की तरफ देखता हूं क्योंकि वह बताते हैं कि खुद में बदलाव कर साधारण व्यक्ति भी असाधारण काम कर सकता है। वही रबिंद्रनाथ टैगोर का विचार रहा कि महात्मा गांधी लाखों बेसहारा लोगों के दरवाजे पर पहुंच जाते हैं, उनसे उन्हीं की भाषा में बात करते हैं। आखिर और कौन है, जो इतनी सहजता से इस बड़े वर्ग को अपना रहा है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सोच रही कि इस देश में जो लौ महात्मा गांधी के रूप में रोशन हुई, वह साधारण नहीं थी। यह लौ आने वाले हजारों सालों तक भी राह दिखाती रहेगी। लॉर्ड माउंटबेटन कहते थे कि इतिहास में महात्मा गांधी को गौतम बुद्ध और ईसा मसीह के बराबर देखा जाएगा।वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दो में,दो अक्तूबर को पोरबंदर में एक व्यक्ति ने जन्म नहीं लिया था बल्कि एक युग की शुरुआत हुई थी। मुझे इस बात पर पूरा विश्वास है कि वह आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने समय में थे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कहती है ,महात्मा गांधी ने दुनिया को अहिंसा,सत्यता,राष्ट्रभक्ति की राह दिखाई,सचमुच वे एक महान आत्मा थे। आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी की गिनती नरम नेता के रूप में होती थी।लेकिन उक्त आन्दोलन के गरम दल के नेता भी उनका उतना ही सम्मान करते थे जितना नरम दल के लोग उनका आदर भाव करते थे।

गरम दल के नेता के रूप में चर्चित रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोश भी उन्हे अपना नेता मानते थे। यही गांधी जी की



अहिंसा की सबसे बडी कामयाबी थी। बैरिस्टर सम्मानजनक व्यवसाय को छोडकर देश के लिए वे आजादी के आन्दोलन में कूद पडे थे। उनका एक ही नारा था कि जैसे भी हो हम हथियार नही उठायेगे और बिना हथियार ही भारत मां को आजादी दिलायेगें। इसके लिए उन्होने स्वयं भी अंग्रेजो की लाठिया खायी और उन्हे बहुत सी यातना भी सहन करनी पडी। लेकिन देश की खातिर उन्होने कभी पीछे मुड़कर कर नही देखा।

अहिंसा के पुजारी मोहन दास कर्मचन्द गांधी जिन्हे सम्मान से बापू या फिर महात्मा गांधी कहते है,का दुनियाभर में आज भी उनकी विचारधारा रूप में नाम है और हमेशा रहेगा। देदी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल साबरमती के सन्त तूने कर दिया कमाल पंक्तिया चरितार्थ कर दिखाने वाले बापू के प्रति दुनियाभर के लोगों ने भरपूर सम्मान प्रकट किया है।

करोडों देशवासी उन्हे महान सन्त मानते थे। लक्ष्य साधन में उनकी सच्चाई और निष्ठा पर उंगली नहीं उठाई जा सकती थी। महात्मा गांधी के जीवित रहने से सारा संसार सम्पन्न था और उनके निधन से दुनिया भर को लगा कि पूरा संसार ही विपन्न हो गया है। गांधी के परामर्श देश के लिए सदा सहायक सिद्ध हुए।जिनके बल पर देश को आजादी प्राप्त हुई। महात्मा गांधी एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने बल प्रयोग का सदा विरोध किया। वे बुद्धिमान नम्र, द्रढसंकल्पी और निश्चय के धनी थे।सच तो यह है कि आधुनिक इतिहास में किसी भी एक व्यक्ति ने अपनी चरित्र की वैयक्तिक शक्ति, ध्येय की पावनता और अंगीकृत उद्देश्य के प्रति निस्वार्थ निष्ठा से लोगों के दिमागों पर इतना असर नहीं डाला, जितना महात्मा गांधी का असर दुनिया पर हुआ था।

गांधी के जीवन, धर्म, राजनीति, चिंतन में, स्वतंत्रता संघर्ष में या कह लें कहीं भी, उनका हर क्षण धर्म से प्रच्छन्न था. उसी से प्रेरित-निर्देशित था. उनके पास धर्मविहीन या धर्म से परे कुछ भी नहीं था. गांधी का यह धर्म, उनके व्यक्तिगत जीवन में असंदिग्ध रूप से हिंदू था और अन्य दूसरे धर्मों के प्रति पूरी तरह सहिष्णु और विनीत था. इस धर्म का ईश्वर, इसकी आध्यात्मिकता, आत्मा और नैतिकता उनकी अपनी गढ़ी हुई या चुनी गई परिभाषाओं से तय होती थी. उनकी व्यक्तिगत जीवन शैली और आचरण से परिभाषित होती थी.

गांधी के जीवन के संस्कार अस्तेय, सत्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य से बने थे. गांधी कमोबेश इन्हें अपने जीवन में, अपने कर्म और दर्शन में हमेशा उतारने की कोशिश करते रहे. गांधी ने जब सन 1920 में अपनी पहली बड़ी राजनैतिक लड़ाई शुरू की, तब तक वे देश के पारंपरिक और कट्टर हिंदुओं के लिए भी, राष्ट्रीयता, स्वतंत्रता संघर्ष और अंग्रेजों के शासन से मुक्ति की आकांक्षा के साथ-साथ, उनकी हिंदू आस्था के रक्षक और हिंदू धर्म के पुनरुद्धार का प्रतीक भी बन चुके थे। गांधी ने खुद भी, 12 अक्तूबर, सन1921 के यंग इंडिया में घोषणा की थी: मैं अपने को सनातनी हिंदू कहता हूं क्योंकि मैं वेदों, उपनिषदों, पुराणों और समस्त हिंदू शास्त्रों में विश्वास करता हूं और इसीलिए अवतारों और पुनर्जन्मों में भी मेरा विश्वास है। मैं वर्णाश्रम धर्म में विश्वास करता हूं। इसे मैं उन अर्थों में मानता हूं जो पूरी तरह वेद सम्मत हैं लेकिन उसके वर्तमान प्रचलित और भोंडे रूप को नहीं मानता। मैं प्रचलित अर्थों से कहीं अधिक व्यापक अर्थ में गाय की रक्षा में विश्वास करता हूं। मूर्तिपूजा में मेरा विश्वास नहीं है।बावजूद इस सबके, गांधी का यह हिंदू धर्म या उनका हिंदुत्व, देश के तत्कालीन प्रमुख हिंदू संगठनों, हिंदू महासभा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के हिंदुत्व से पूरी तरह अलग था।महात्मा गांधी की प्रार्थना सभाओं में कुरआन का पाठ होता था।

## जीना और मरना

जिस भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वष्रा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं। और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं। हमारी सारी यात्रा मरघट पर पूरी हो जाती है। जीने का सब कुछ निर्भर है जीने के ढंग पर और मरने का भी सब कुछ निर्भर है मरने के ढंग पर। हमें जीने का ढंग भी नहीं आता। बुद्ध जैसे व्यक्ति को मरने का ढंग भी आता है। कृष्ण ने कहा है, ।।हे अजरुन, जिस काल में शरीर त्यागकर गए योगीजन, पीछे न आने वाली गति और पीछे आने वाली गति को भी प्राप्त होते हैं।

# अलमीरा के अंदर से अनसुनी आवाजें - खबरी लाल

**विनोद तकियावाला**

आज के इस भौतिकवादी युग में मानव जीवन जीविका के जंग मे जुझते जुझते हुए इतना अस्त व्यस्त हो गया है कि वह जीवन जीने का तरीका व सलिका भुल गया है। खास कर आज के नगरीय व पश्चिमी सभ्यता के पक्षधर मार्डन लोग। मै भी अपने आप को इससे अछुता नही पाता हुँ। दिल्ली के शहरी सभ्यता व एकाकी जीवन के दैनिक दिनचर्या में मैअपने आप को ही गुनागार मानता हुँ। खैर मै आप से इस संदर्भ मे कभी अन्य आलेख मे चर्चा करूँगा।

कल मेरी सप्ताहिक अवकाश होती है। आप की होगी क्योंकि कोरोना संकट के कारण इन सप्ताहिक कपूर्य की घोषणा की गई। अधिकतर लोग छट्टी के दिनो में प्लालिग घुमने फिरने का करते है चुँकि लाक डॉन / सफ्ताहिक कपूर्य मै भी इस छुट्टी का सदुपयोग करने की सोच रहा था कि कल रविवार है। मौसम भी हाड़ कम्पाने वाली सर्दी का है। इसलिए गर्म कपड़े के लिए मै आज सुबह कमरे के कोने की कपड़े की अलमीरा खोली।

चूँकि स्वयं मै एक स्वतंत्र पत्रकार स्तम्भ कार लेखक के संग एक भावानात्मक कवि भी हुँ।जिसके कारण आज अपने एक कमरे मे रखे अलमारी से मेरे कानो मे कुछ फुसफुसाहट सुनाई दी थी ,टोपी बहन - टोपी बहन,आज शायद तेरा या मेरा नंबर लग जाए बाहर के वातावरण मे सर्दी बढ़ गई है शायद इन्हेआज हमारी जरूरत पड़ जाए..ये नरम -गर्म जुराबो की आवाज थी। उसके सुर में सुर मिलाते पिछले कई सालों के रखे सभी गर्म स्वेटरों गर्म शुट - पेन्ट कपड़े अपनी अपनी बात कहने को उतावले होने लगे.मान्यवर पत्रकार महोदय आप ने कितने शौक से हमे खरीदा था अपने रंग व अपनी पसंद के डिजायन-चुन कर सभी स्वेटर ,जर्सीया,शॉल कोट , पेन्ट, सभी मानो विरोध के स्वर थे। सभी एक स्वर मे बोल पडे श्री मान जी हम आपके लिए पसंद ओर फैशन हो सकते हैं परंतु पहनोगे तबन! बंद अलमारी में पडे - पडे हमारा अब दम घुट रहा है। ना जाने कितने लोग दिल्ली / एन सी आर व देश के महानगरो मे हाड कपाने वाले इससर्दी से ठिठुर रहे हैं जिसने अपनी आशियान सडको के किनारे -चौक चौराहे पर खुले आसमान के नीचे अपनी सर्दे भरी राते गुजरा रहे है।जिन्हें अभी हमारी शक्तजरूरत है। हर साल आप नए नए कपड़े लाकर हमारे ऊपर रख देते हैं ,आप हमारी जरूरत हमारा उपयोगज सब कुछ व्यर्थ है।मै तैयार होकर बाहर निकलने की जल्दी थी।क्योकि आलमारी मे चार पाँच कोट पेन्ट के कपड़े पिछ्ले बर्षो से पडे थे। जिन्हे मुझे सिलाई करवाने के लिए टेलर को देना था।ऐसे मे स्वेटर, जैकेट, दस्ताने, मफलर, जुराब सबकी मन की बात समझ आ रही थी.क्योकि मै एक पत्रकार होने के साथ लेखक्र समीक्षक स्तम्भकार के एक आम जिन्मेदार नागरिक हुँ। बस एक-दो दिन की मोहलत मांग वहां से निकलने की कवायद की।सच मानिए..कभी सोचिए उन नीचे दबे ठंडे गर्म कपड़ों के बारे में जिन्होंने केवल हमारी अलमारी का वजन बढ़ा रखा है। मौका बे मौके भी उनकी तरफ देखते नहीं। अगले रविवार को यही काम करना है...जो नहीं पहनने उसे निकालकर जरूरतमंदों तक पहुंचाएंगे.. कपड़ों की घुटन भी कम होगी.... और ठंड से व्याकुल लोगों की ठिठुरन भी। लेकिन इससे पहले आपकी अलमारी से बगावत के स्वर उठने लगे कपड़ो के साथ कल पुराने बिस्तर भी आ मिलेंगे,, आप भी इस काम को निपटा लें ......सबका भला। अलमारी भी हल्की,,मन भी हल्का,,, और हाँ सेलीफिन में अच्छे से सिंगल पैकिंग करके दीजिएगा।

आप भी अपने लिए खरीदे गये कपडे जिन्हे आप ने प्रेम पुर्वक खरीददारी की है। उनकी भावना का कद्र करे। अपने आस पास जरूरत मंदो मे अलमारियो पड़े गर्म कपड़े वाँटे ,अपने कपड़े की हसरते को पुरी करे। जरूरत मंद के चेहरे की खुसियाँ विखरे स्वयं मुस्कारते रहे।श्याद इसी का नाम जिन्दगी है। फिलहाल आपसे यह कहते हुए विदा लेते है - ना ही काहुँ से दोस्ती , ना ही काहुँ से बैर। खबरी लाल तो माँगे % सबकी खैर ॥

# सादगी की प्रतिमा

### सूडोकु नवताल- 5967

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5966 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

**नरेन्द्र भारती**

प्रतिभा बहुत ही प्रतिभाशाली थी।उसका घर शहर से दूर था।माता-पिता की इकलौती संतान थी।पिता मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। गांव में थोड़ी जमीन भी थी जहां से हाने वाली फसल से साल भर का गुजारा हो जाता था।छुटिटयों में वह अपने माता- पिता के साथ खेतों में काम करती थी।वह बचपन से ही एक जिम्मेवार लड़की बन गई थी।प्रतिभा बचपन से ही गरीबी की गुरबत में पली थी।वह बचपन से ही होनहार थी।स्कूल में अपनी हर कक्षा में मौनिटर थी। नाम ही प्रतिभा था और वह अपने नाम के अनुरुप प्रतिभा की धनी थी।सरकारी स्कूल पढती थी।उसका दिमाग एकदम तेज था।स्कूल के अध्यापक भी उसकी कॉफी सहायता करते थे।किताबें व स्कूल की वर्दी भी उसे स्कूल से ही मिलती थी।पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक उसने मैरिट में ही स्थान लिया था।दसवी में उसके अच्छे अंक आए थे।घर के हालात ठीक नहीं थे। उसने अपने पापा से कहा कि वह आगे पढ़ना चाहती है।। गरीब बाप ने कहा बेटी तुम जितना पढ़ना चाहती हो पढो़ मै दिन रात मेहनत करुगां।प्रतिभा ने स्थानीय स्कूल में ही गयारवीं में दाखिला ले लिया।गयारवीं में उनसे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।अगले साल प्रतिभा ने बाहरवीं की परीक्षा भी पास कर ली उसने बोर्ड की मैरिट सूची में स्थान पाया था।माता पिता खुश थे कि उनकी बेटी ने टॉप किया है। मैरिट में आने पर उसे बोर्ड से स्कालरशिप भी मिली थी।प्रतिभा अब



कालेज में पढ़ना चाहती थी। कालेज उसके गांव से 15 किलोमीटर दूर था।पापा के कहने पर प्रतिभा ने शहर के कालेज में दाखिला ले लिया।वह रोज सरकारी बस में घर से कालेज पढ़ने जाती और शाम को वापिस आ जाती थी।वह सादगी में रहती थी। कालेज के प्रौफेसर भी उसकी सहायता करते थे।लाईब्रेरी से किताबें इश्यू करवा देते थे।दिनरात कड़ी मेहनत करके प्रतिभा ने तीन साल में बीए कर ली।आज कालेज में फाईनल ईयर के छात्रों के लिए सैकेंड ईयर के छात्रों ने विदाई पार्टी रखी थी।प्रतिभा भी विदाई पार्टी में शामिल होने के लिए कालेज चली गई।प्रतिभा के पास एक ही साधारण सा सूट था।जब वह कालेज पहुंची तो छात्र-छात्राएं नए व फैन्सी व ब्रांडेड जीन पहनकर आए थे।प्रतिभा अलग ही दिख रही थी।साधारण परिवार से थी।कालेज के हाल में विदाई पार्टी का आयोजन किया जा रहा था। विदाई वाले छात्रों का प्रवेश द्वार पर सैंकेड ईयर के छात्र व छात्राएं तिलक लगाकर स्वागत कर रहे थे। प्रथम पंक्ति में कालेज के प्रौफेसर बैठे थे।दूसरी लाईन में छात्र व छात्राएं बैठी थी। विदाई वाले छात्र व छात्राओं को चाय- पान करवाया गया।मंच सजाया था।सैंकेड ईयर के छात्रों ने अपने सीनियर के सम्मान में मनोरंजन का इंतजाम भी किया था।डीजे बज रहा था।अब विदाई वालों को एक एक करके माईक से आवाज देकर मंच पर बुलाया जा रहा था। हंसी मजाक चल रहा था। सीनियर के चरित्र के हिसाब से जूनियर ने उनके नाम रखे थे।नाम के साथ एक पर्ची भी होती थी उसमें जो लिखा होता था उसे खोलकर बताना होता था। किसी को अभिनय करना होता था तो किसी को गाना गाना होता था।नंबर के हिसाब से सब सीनियर अपने-अपने विचार रख रहे थे।अब माईक से प्रतिभा का नाम पुकारा गया तो वह मंच पर गई।प्रतिभा ने जब पर्ची उठाई तो उसका नाम पर्ची में सादगी की प्रतिमा लिखा था।जूनियर ने प्रतिभा से कहा कि तुम्हें स्पीच देनी है।प्रतिभा ने माईक हाथ में पकड़ा और स्पीच देना शुरु किया।प्रतिभा ने सबसे पहले अपने गुरुजनों को प्रणाम किया।प्रतिभा ने अपने जूनियर को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अभावों में जिदंगी जी है।टेबल लैंप की रोशनी में पढ़ाई की है।संसाधनों की कमी रही है।मैने कभी हार नहीं मानी है।हालातों को देखा है।प्रतिभा ने उन्हें संदेश दिया प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती।सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता।हर गहरी व काली रात के बाद दिन का उजाला होता है।असफलताओं से मत घबराएं।सूरज को निकलने से कोई नहीं रोक सकता।इरादे मजबूत हो तो किस्मत को भी झुकना पड़ता है।

## अध्यक्ष की मनमानी ठीक नहीं

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सर्वोच्च न्यायालय को विधानसभा के एक अध्यक्ष के आदेश को निरस्त करना पड़ा है। यह घटना दुखद है लेकिन यदि ऐसा नहीं होता तो भारत की विधानपालिकाओं पर यह आरोप चस्पा हो जाता कि वे निरंकुश होती जा रही हैं। ब्रिटेन में माना जाता है कि संसद संप्रभु होती है। उसके ऊपर कोई नहीं होता लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा ने एक नया सवाल उछाला। वह यह कि क्या विधानसभा या लोकसभा का अध्यक्ष भी संप्रभु होता है? वह जो कह दे, क्या वही कानून बन जाता है? 5 जुलाई 2021 को महाराष्ट्र की विधानसभा के अध्यक्ष भास्कर जाधव के साथ कुछ विधायकों ने काफी कहा-सुनी कर दी। उन्हें भला-बुरा भी कह डाला। उनका क्रोधित होना स्वाभाविक था। उन्होंने इन विधायकों को पूरे एक साल के लिए मुअत्तिल कर दिया। ये 12 विधायक भाजपा के थे। भाजपा महाराष्ट्र में विपक्षी दल है। शिव-सेना गठबंधन वहां सत्तारुढ़ है। अध्यक्ष के गुस्से पर सदन ने भी ठप्पा लगा दिया। अब विधायक क्या करते? किसके पास जाएं? राज्यपाल भी इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री तो अध्यक्ष के साथ हैं ही। आखिरकार उन्होंने देश की सबसे बड़ी अदालत के दरवाजे खटखटाए। अच्छा हुआ कि अदालत ने अपना फैसला जल्दी ही दे दिया वरना देश में न्याय-व्यवस्था का हाल तो ऐसा है कि मरीज को मरने के बाद दवा मिला करती है। इन मुअत्तिल विधायकों को साल भर इंतजार नहीं करना पड़ा। अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा के सदन में उनकी उपस्थिति को बरकरार कर दिया। अपना फैसला देते वक्त अदालत ने जो तर्क दिए हैं, वे भारतीय लोकतंत्र को बल प्रदान करनेवाले हैं। वे जनता के प्रति विधानपालिका की जवाबदेही को वजनदार बनाते हैं। जजों ने कहा कि विधायकों की एक साल की मुअत्तिली उनके निष्कासन से भी ज्यादा बुरी है, क्योंकि उन्हें निकाले जाने पर नए चुनाव होते और उनकी जगह दूसरे जन-प्रतिनिधि विधानसभा में जनता की आवाज बुलंद करते लेकिन यह मुअत्तिली तो जनता के प्रतिनिधित्व का अपमान है। इसके अलावा यदि विधायकों ने कोई अनुचित व्यवहार किया है तो उन्हें उस दिन या उस सत्र से मुअत्तिल करने का नियम जरुर है लेकिन उन्हें साल भर के लिए बाहर करने की पीछे सत्तारुढ़ दल की मन्शा यह भी हो सकती है कि विरोधी पक्ष को अत्यंत अल्पसंख्यक बनाकर मनमाने कानून पास करवा लें। जहां महाराष्ट्र की तरह गठबंधन सरकार हो, वहां तो ऐसी तिकड़म की संभावना ज्यादा होती है। इस घटना से अध्यक्ष, सत्तारुढ़ और विरोधी दलों– सबके सबक लिए समुचित सबक निकल रहा है।

# कैलारस कारखानाः कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहाना बंद करे

(श्रीगोपाल गुप्ता, बरिष्ठ पत्रकार)



चम्बल क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और डकैतों के आंतक के साये में गरीबी के दलदल में फंसे स्थानीय किसानों को उभारने के लिये सन् 1970 में मुरैना मंडल सहकारी कारखाना मर्यादित कैलारस जिला मुरैना बनकर तैयार हुआ और सन् 1972 में इसमें अच्छी क्वालिटी की शक्कर पहली बार बनकर तैयार हुई। जिसकी धूम प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों भी सुनाई देने लगी और अच्छे मुनाफा की आस में चम्बल के किसानों ने डकैतों के दमन के डर को एक किनारे रख क्षेत्र की व अपनी उन्नति के लिये पूरी ईमानदारी के साथ गन्ना उगाने में रम गए। फिर क्या था देखते-देखते कैलारस,जौरा,सबलगढ़ सहित पूरा मुरैना जिला समृद्ध की राह पर आ खड़ा हुआ। 1200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और हजारों गन्ना उत्पादक किसान के जुड़ने से तब जिले का एक मात्र औधोगिक कारखाना कैलारस शक्कर कारखाना ने पहली दफा चम्बल में उद्योगों की संभावनाओं को बल दिया कि चम्बल में भी डकैतों के भारी आंतक और दहशत के बावजूद कारखाने लगाकर समृद्धि के दरवाजे खोले जा सकते हैं! मगर सन् 2010 में भारतीय जनता पार्टी के शासन में ही कारखाना अफसरशाही व भ्रष्टाचार का शिकार होकर बंद पड़ा हुआ है। तब से बंद पड़ा कारखाना का मुद्दा दोनों राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के लिये फुटवॉल बना हुआ है। जिससे दोनों दल बिना किसी शर्म और लिहाज के बेहयाई के साथ प्रत्येक चुनाव में कैलारस कारखाना- कैलारस कारखाना खेल रही हैं और बंद पड़े कारखाने से बैरोजगार हुए हजारों कर्मचारी और अपनी रोजी-रोटी छिन जाने के कारण भारी कर्जे के बोझ तले दबे किसानों की भावनाओं के साथ खिलबाड़ कर रही हैं। सन् 2016-17 में अचानक भाजपा की शिवराज सरकार द्वारा कारखाने के सहकारिता चुनाव कराने से क्षेत्रिय किसान, कर्मचारी और शक्कर व्यापारियों को पूरी उम्मीद जागी कि शक्कर कारखाना अब खुल जायेगा। सन् 2018 में प्रदेश विधानसभा चुनाव में जौरा में खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने जनता को पूरजोर तरीके से क्षेत्र की जनता ने एक चुनावी आमसभा में विश्वास दिलाया कि जौरा से भाजपा को जिताओ मैं कारखाना खुलवाऊंगा। मगर जनता ने 2020 में हुए उप चुनाव में तो भाजपा के प्रत्याशी को जिता दिया मगर 2018 में मुख्यमंत्री को अनसुना करते हुये वर्षों से अपनी सरकार बनने पर कारखाने को पुनः खोलने का राग अलाप रही कांग्रेस पर अपार विश्वास करते हुये न केवल जौरा विधानसभा बल्कि इतिहास में दूसरी मर्तबा सन् 2018 में पूरे मुरैना जिले की छः सीट कांग्रेस की झोली में डाल दी। चूंकि कांग्रेस के बड़े नेता सन् 2013 और सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता से वादे कर चुके थे कि सरकार बनते ही 100 दिन में कैलारस शक्कर कारखाने को हर कीमत पर चालू कर दिया जायेगा। मगर वादा खिलाफी भी इतनी तगड़ी की 100 दिनों में कारखाना तो चालू नहीं करा सके लेकिन सत्ता में आते ही इसे बंद करने का काम शुरु कर दिया। इसे समाप्त करने और बाइंड अप करने की अधिसूचना शासन ने जारी कर दी। मगर इससे पहले कांग्रेस की सरकार का ही प्रदेश से बाइंड अप हो गया। अपने 15 महिनों के अल्प कार्यकाल में चालू करने के वजाय उल्टे बंद करने की कार्यवाही शुरु कर चुकी कांग्रेस अब क्योंकर घड़ियाली आंसू बहा रही है। उधर 2013, 2018 के विधानसभा चुनाव और जौरा उप चुनाव में इसे चालू करने का स्वांग रचने वाले शिवराज भी अपने हवाई वादों को भूल अगामी 6 फरवरी को इसे बेचने के बोली लगाने का काम करेंगे। दोनों दलों के उच्च नेताओं द्वारा कैलारस शक्कर कारखाने को खोलने के वादे दर वादे केवल कसमे वादे बनकर रह गये। हां ये सच है कि कारखाने को चालू करवाने के लिये जमीं पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने काफी कुछ संघर्ष किया मगर उनकी ताकत काफी कुछ हद तक सीमित है।



## वेक्सिनेशन के लिए प्रेरित करने नेहा को किया सम्मानित

**मुरैना।** कोरोना काल में जन समुदाय को वेक्सिनेशन के लिए प्रेरित करने व उत्कृष्ट कार्य करने पर सामाजिक कार्यकर्ता व वेक्सिनेशन टीम सदस्य नेहा गुप्ता को जिला स्वास्थ्य विभाग के डॉ पदमेश उपाध्याय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अमानक पाये गये बीज का जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण तथा स्थानांतरण पर लगा प्रतिबंध

**मुरैना।** अमानक पाये गये बीज का जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं अन्य स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं किसान कल्याण तथा कृशि विकास के उपसंचालक अनंत बिहारी सडैया ने लगाया है। श्री सडैया ने जारी प्रतिबंधित आदेश में कहा है कि निर्माता कंपनी श्रीराम बायोसीड्स एण्ड जैनेटिक्स, मल्कागिरी, तेलंगाना का बीज मैसर्स कुशवाह बीज भण्डार अदालत रोड़ सबलगढ़ से विक्रय किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता का नमूना लिया गया था, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। उपसंचालक ने इस बीज के बैच लॉट का जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है। इसी प्रकार पंजाब एग्री प्रोडक्ट परेवा, बिलासपुर उ.प्र. का बीज मैसर्स श्यामदेव बीज भण्डार धूरकूडा पहाड़गढ़ से विक्रय किया जा रहा था, इसकी गुणवत्ता का नमूना भी लिया गया, जो परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया। मंगला एजेन्सी बारा (राजस्थान) का बीज मैसर्स किसान कृषि सेवा केन्द्र जीवाजीगंज मुरैना से विक्रय किया जा रहा था, जिसकी गुणवत्ता का नमूना लिया गया और परीक्षण के दौरान अमानक पाया गया है। इस संबंध में उपसंचालक श्री सड़ैया ने इन बीजों का जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई है।

# गरीब श्रीमती रीना का हुआ आयुष्मान कार्ड पर यूट्रेस (बच्चादानी) गठान का सफल ऑपरेशन




**मुरैना।** 30 वर्षीय श्रीमती रीना का आयुष्मान भारत निरामय योजना कार्ड पर निःशुल्क यूट्रेस (बच्चादानी) में गठान का सफल ऑपरेशन होने पर श्रीमती रीना और उनके पति रंजीत सिंह प्रजापति बहुत खुश है। रंजीत सिंह प्रजापति ने कहा कि आयुष्मान कार्ड अगर सरकार द्वारा नहीं बनवाया होता तो, पता नहीं पत्नि का ईलाज कैसे हो पाता। प्रायवेट अस्पताल का खर्च मैं नहीं उठा सकता था। गणेशपुरा मुरैना निवासी 30 वर्षीय श्रीमती रीना प्रजापति ने बताया कि मुझे कई महीने से पेट में दर्द होता था, यह दर्द पीरियड के समय बहुत ज्यादा होता था, साथ में खून भी बहुत जाता था। तब मैंने कई प्रायवेट अस्पतालों और डॉक्टरों को दिखाया, दवा भी ली। परन्तु मुझे कोई आराम नहीं मिला। एक दिन जिला चिकित्सालय में महिला डॉक्टर को दिखाया। उन्होंने मेरी जांचे करवाने को लिखा और अल्ट्रासाउण्ड भी करवाया, तब पता चला कि मेरे यूट्रेस (बच्चादानी) में गठान है। इस परेशानी को मैं बहुत दिनों से झेल रही थी। फिर मैंने सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अनूप गुप्ता को दिखाया। उन्होंने मुझे 18 दिसम्बर 2021 को अस्पताल में भर्ती कर मेरा सफल ऑपरेशन किया। अब मैं पूरी तरह से ठीक हूं। श्रीमती रीना और उसके पति रंजीत सिंह प्रजापति ने बताया कि मेरे तीन बच्चे है, मैं मजदूरी करता हूं। प्रतिमाह 5 से 6 हजार रूपये कमा पाता हूं। मेरे घर में 6 सदस्य है। मेरे घर का खर्चा बड़ी ही मुश्किल से चलता है। आज मेरी पत्नि की सभी जांचे निःशुल्क की गई है और ऑपरेशन भी सरकारी खर्च पर किया गया है। दवाईयां, इंजेक्शन भी मुत में लगाये गये। सभी सिस्टर, सर्जर विशेषज्ञ डॉ. अनूप गुप्ता द्वारा बराबर देखा जा रहा है। मैं अपने तहे दिल से सभी स्टाफ का धन्यवाद करता हूं कि आयुष्मान कार्ड सरकार द्वारा न बनवाया होता तो पता नहीं मेरी पत्नि का ईलाज कैसे हो पाता। प्रायवेट अस्पताल का खर्चा मैं नहीं कर सकता था। इस दौरान मेरे परिवार का क्या हाल होता। यह में सोच भी नहीं सकता। भारत, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयुष्मान योजना चलाकर जो सहयोग मुझे दिया है, मैं जीवनभर आभारी रहूंगा।

# सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीएमओ शर्मा को कलेक्टर ने किया सम्मानित

अम्बाह। सीएम हेल्पलाइन में जिले में सर्वाधिक संतुष्ट पूर्ण शिकायत का निराकरण करने वाले अधिकारियों में शामिल मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा को जिला कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



आपको बता दें कि सीएम हेल्पलाइन 181 शिकायतों के निराकरण में अब्बल रहे सीएमओ रामनिवास शर्मा की जिला कलेक्टर व्दारा सराहना की गई है। उल्लेखनीय है कि सीएमओ श्री शर्मा व्दारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का हमेशा की तरह इस माह भी मौके पर जाकर त्वरित निराकरण किया गया, जो कि महत्वपूर्ण है। ज्ञविदित हो कि ज्यादातर लोग अब अपनी शिकायते सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराते हैं, जिनका निराकरण समय पर होना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन है। सीएम हेल्पलाइन निराकरण के मामले में सीएमओ ने अपने अधीनस्थों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## शनि मंदिर के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ शनि कुण्ड, परिक्रम पथ, पेराजल, वृक्षारोपण सहित अन्रा कार्यों पर हुई चर्चा



**मुरैना।** ऐंती पहाड़ी पर स्थित भगवान शनि मंदिर के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ वहां निर्माण होने वाले प्रमुख कार्य शनि कुण्ड, परिक्रम पथ, पेयजल व्यवस्था, वृक्षारोपण, सड़कों का निर्माण, शौचाल्यों के निर्माण सहित सामुदायिक भवन के कार्य को पूर्ण करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

यह बैठक पिछले दिनों केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेन्द्र सिंह तोमर ने शनि मंदिर के किये गये। भ्रमण के दौरान अधिकारियों को मंदिर के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ परिक्रम पथ कुण्ड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो के निर्देश दिये गये थे। इसी संदर्भ में यह बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित की गई। प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, एसडीएम शिवलाल शाक्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, वन विभाग के एसडीओ, पीएचई, आदिम जाति कल्याण, विद्युत कंपनी के अधिकारियों सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने शनि मंदिर के पास बनने वाले शनि कुण्ड के लिये ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे स्थल चयन करके उसका स्टीमेट, उसकी लागत, वजट का प्रावधान कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि शनि मंदिर पर होने वाले सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यो का स्थल चयन, स्टीमेट आदि कार्यो को लेकर शनिवार 29 जनवरी को शनि मंदिर पहुंचकर एसडीएम श्री शाक्य की अध्यक्षता में निर्माण विकास कार्यो का स्थल चयन करके उनका स्टीमेट आदि पर सभी तैयारी करें।

# राजनीतिक हक पाने जैन समाज ने लिखे 1000 पोस्टकार्ड

### विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को पत्र भेजेगा जैन मिलन संगठन



**मुरैना।** जैन समाज ने राजनीतिक हक हासिल करने के लिए वोट देंगे तो राजनीतिक अधिकार भी लेंगे अभियान शुरू किया है। इसके तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को पोस्टकार्ड पर लिखे गए पत्र भेजे जाएंगे। जैन मिलन महिला संगठन के नेतृत्व में शुरू किए गए अभियान के तहत अभी तक 1000 से अधिक पोस्टकार्ड लिखे जा चुके हैं।

वोट देंगे तो राजनीतिक भागीदारी भी लेंगे अभियान जैन समाज द्वारा समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा है। मुरैना जिले में इस अभियान की कमान भारतीय जैन मिलन की महिला विंग ने संभाल रखी है। संगठन की महिलाओं ने समाज के लोगों को इस अभियान से जोडने का संदेश दिया और पोस्टकार्ड लिखने के लिए प्रेरित भी किया। नतीजा यह कि अभी तक जैन समाज के एक हजार से अधिक लोग पोस्टकार्ड पर राजनीतिक हक की मांग लिख चुके हैं। जैन मिलन महिला की केंद्रीय संयोजिका भावना जैन ने बताया कि जैन समाज एक धार्मिक, पढालिखा, सरल, सभ्य, व्यवसायी एवं प्राचीन समाज है। पूरे भारतवर्ष मे जैन समाज के हजारों तीर्थ स्थल है। देश की प्रगति मे चाहे वो सामाजिक हो अथवा राजनीतिक, जैन समाज का हमेशा से ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन वर्तमान समय में जैन समाज की राजनीतिक भागीदारी नगण्य हो गई है। जिसके हम अपने धार्मिक, समाजिक हितों की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। राजनैतिक स्तर पर हमारे समाज का प्रतिनिधित्व नगण्य होने से हमारी बात रखने वाला और सुनने वाला भी कोई नहीं है। यही वजह है कि भारतीय जैन मिलन ने जैन समाज की राजनैतिक भागीदारी अभियान की शुरुआत की है। हम सभी राजनैतिक दलों को यह स्पष्ट रूप से संज्ञान मे लाना चाहते हैं कि हम अगर आपको वोट देंगे तो राजनीतिक भागीदारी भी लेंगे।

### इन नेताओं को भेजे जाएंगे पोस्टकार्ड

अपनी बात रखने के लिए जैन समाज के लोगों द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर पोस्ट कार्ड पर लिखकर पत्र भेजे जा रहे हैं। मुरैना जिले से कुल 10 हजार पोस्टकार्ड पत्र राजनीतिक दलों को भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश जैन बंटी ने बताया कि ये पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता कमलनाथ के नाम भेजे जाएंगे। ताकि हमारी बात भाजपा और कांग्रेस में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर तक पहुंच सके।

# पिचावा 10 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय दिलाए सरकार, सीरवी समाज संपूर्ण भारत

## सीरवी समाज ने हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग कर।

**पुष्पांजलि टुडे पाली। नेनाराम सीरवी पाली।** सीरवी समाज संपूर्ण भारत। राजस्थान पाली जिले के सुमेरपुर तहसील में तखतगढ़ थाना क्षेत्र के पिचावा 10 वर्षीय मासूम नाबालिक बालिका को न्याय की गुहार लगाते हुए हत्यारे को अति शीघ्र फांसी की सजा देने की मांग की जा रही है। 10 वर्षीय सीरवी समाज की लाडली बिटिया को न्याय दिलाने के लिए सीरवी समाज संपूर्ण भारत पाली जिले सहित अन्य प्रांतों में भी भारी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी पाली जिला मुख्यालय पर राजस्थान सरकार की खुलती कानून व्यवस्था की पोल को लेकर जन आक्रोश रैली मैं भारी विरोध किया गया। सीरवी समाज संपूर्ण भारत ने कहा कि राजस्थान के पाली जिले की घटना से समाज ने गहरी निंदा की है। पाली जिले सहित प्रदेश भर में कानून व्यवस्था की पोल को देखते हुए अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। और अपराध पर अपराध हो रहे हैं। यहां तक की पिचावा में 10 वर्षीय नाबालिक मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई इससे बड़ी कोई घटना नहीं है ।जो पाली जिले में घटना हुई है। पिचावा हत्याकांड में जिलेभर में अलग-अलग स्थानों पर मासूम बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित कर हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की जा रही हैं। और अलग-अलग उपखंड पर मुख्यमंत्री के नाम अति शीघ्र मासूम को न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन दिया जा रहा हैं। जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी पाली जिला अध्यक्ष मनशा राम परमार के आह्वान पर हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और 10 वर्षीय मासूम नाबालिग बालिका के हत्या के विरोध में राजस्थान सरकार के प्रति भारी नारेबाजी की। हत्यारे ने गुना तो फांसी की सजा से कम नहीं किया है पहले नाबालिग से दुष्कर्म किया गया और फिर बेरहमी से गला घोट कर हत्या कर शव को कुएं में डाला गया। सीरवी समाज संपूर्ण भारत महाराष्ट्र के



पनवेल इलाके करजाडे सीरवी समाज नवयुवक मंडल ने हत्या की गहरी निंदा करते हुए अति शीघ्र संबंधित कारवाही के प्रति फास्ट ट्रैक कोर्ट में चालान पेश कर हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की। सीरवी समाज के धार्मिक संगठन धार्मिक संस्थाएं सीरवी समाज नवयुवक मंडल के ग्राम इकाइयों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर मासूम को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही हैं। सीरवी समाज सहित पाली जिले में भगवा रक्षा दल भगवा स्वयंसेवक संघ केसरिया हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों द्वारा हत्या की गहरी घोर निंदा की जा रही हैं। सीरवी समाज ने कहा कि राजस्थान की कानून व्यवस्था की खुलती पोल से अपराधी बेखौफ नजर आ रहे हैं। अपराधियों के डर से बहन बेटियों को सुरक्षित रखना मुश्किल कार्य हुआ है। सीरवी समाज संपूर्ण भारत अलग-अलग प्रांतों से समाज ने बताया कि 10 वर्षीय मासूम बालिका की हत्या के विरोध में समाज को एक ही प्लेटफार्म खड़े रहकर सफर करना होगा। जोकि भविष्य में सीरवी समाज ही नहीं बल्कि कोई भी बहन बेटियों के साथ इस प्रकार घोर अन्याय नहीं हो। पिचावा हत्याकांड में संपूर्ण सीरवी समाज एकजुट होकर हत्यारे के विरोध फांसी की सजा की मांग करके मासूम बालिका को न्याय दिलाना होगा। जैसा कि 28 जनवरी 2022 को पाली भाजपा जिला परिवार ने एकजुट होकर लाडली बिटिया को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन किया। जिसमें जन आक्रोश रैली के दौरान सीरवी समाज ही नहीं बल्कि सैकड़ों की संख्या में नारी शक्ति मौजूद रही।

### जिला कलेक्टर सांसद विधायक समेत समाज के जनप्रतिनिधि पहुंचे पिचावा

पिचावा हत्याकांड मैं जिला कलेक्टर आईएएस अमित मेहता ने परिजनों को 10 वर्षीय मासूम बालिका के हत्यारे के विरोध में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पाली सांसद पीपी चौधरी सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने जिला पुलिस प्रशासन से घटना की कार्रवाई गंभीरता पूर्वक कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पिचावा हत्या कांड में जिला पुलिस प्रशासन ने घटना को गंभीरता लेते हुए हत्यारे को 24 घंटे में ही किया गिरफ्तार। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर जिला पुलिस अधीक्षक राजन राजन दुष्यंत मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच कर स्वयं बालिका की तलाश जुटे।

## ग्राम पंचायत नुनहाड मैं पहुंचे कांग्रेश जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया टूर्नामेंट का उद्घाटन किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

आज ग्राम नुनहाड वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे कांग्रेश जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया और मुजफ्फरनगर और मुड़िया खेड़ा के बीच वालीबॉल का मुकाबला हुआ जिसमें मुजफ्फरनगर ने मैच को जीता राहुल भदोरिया ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर सभी खिलाड़ियों की हौसले बुलंद किए मैच का आनंद लेने ग्राम के आसपास के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से एवरन नरवरिया सिंचाई अध्यक्ष नरेश नरवरिया रघुराज नरवरिया केदार सिंह गौरव शर्मा ध्रुव शर्मा डब्बू पंडित सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे

## खाती बाबा मंदिर पर भागवत कथा प्रारंभ हुई बड़े ही धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** भोति थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पीपारा में खाती बाबा के मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पंडित सुनील शास्त्री वृंदावन धाम के मुखारविंद से बहुत ही सुंदर संगीत में भागवत कथा सुनाई जा रही है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामीण जन एकत्रित होकर भागवत कथा पंडाल में कथा को श्रवण कर रहे हैं जिसमें भक्तों में काफी कुछ उत्साह है श्रीमद् भागवत कथा लोगों के लिए सुंदर मनमोहक लीलाओं के साथ दिखाई जा रही है एवं सुनाई जा रही है

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ इकाई का वर्ष 2022 के लिए गठन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर संगठन को गतिशील एवं सक्रिय बनाने के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अलीगढ़ मंडल के अध्यक्ष रामनरेश सिंह चौहान ने वर्ष 2022 के लिए मंडल कमेटी का विधिवत गठन किया है। संगठन को मजबूत एवं गतिशील बनाने के लिए पूर्व जिला अध्यक्षों मंडल कमेटी में विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। मंडल कमेटी के पदाधिकारी निम्नबत है। जिसमें श्री रामनरेश सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष, इस बार कासगंज के पूर्व जिला अध्यक्ष सौरभ गुप्ता को मंडल का कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। एटा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मोहन वार्ष्णेय को मंडल का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है, मंडल के उपाध्यक्ष पद पर बासुदेव दीक्षित एवं अनवर खान को रखा गया है। मंडल महासचिव पद की जिम्मेदारी निशा कांत शर्मा,रीतेश द्विवेदी, सुमंत यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉली शर्मा, जितेंद्र वशिष्ठ, कैलाश को मंडल का सचिव बनाया गया है। मोहित सारस्वत, चेतन गौतम, जयप्रकाश वार्ष्णेय,



अभिषेक प्रताप सिंह को संयुक्त सचिव बनाया गया है। प्रचार मंत्री के पद की आकाश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मंडल के कोषाध्यक्ष पद पर विशाल श्रोत्रीय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल का कानूनी सलाहकार दुष्यंत गौतम एडवोकेट को बनाया गया है। मंडल के पदेन सदस्य के रूप में कासगंज के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर, अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष सुखबीर शर्मा, एटा के जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, हाथरस के जिला अध्यक्ष शंभू नाथ पुरोहित रखे गये हैं। इनके अलावा एक दर्जन पत्रकारों मंडल की कमेटी में कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं। वर्ष 2022 की गठित कमेटी की सूचना प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव को प्रेषित कर दी गई है मंडल अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही मंडल कमेटी की बैठक आयोजित कर सभी पदाधिकारियों को एवं सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए जाएंगे तथा शपथ ग्रहण समारोह कराने पर विचार किया जाएगा।

## चाचोडी में 10 वर्षीय मासूम बालिका को श्रद्धांजलि दी जाएगी



**पुष्पांजलि टुडे। नेनाराम सीरवी**

**रानी पाली।** पिचावा 10 वर्षीय नाबालिक मासूम बिटिया को चाचोड़ी गांधी चौक में रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सीरवी समाज संपूर्ण भारत सहित जिले भर में पिचावा हत्याकांड को लेकर कड़ी से कड़ी घोर निंदा की जा रही हैं। चाचोडी में 30 जनवरी 2022 को ग्राम वासियों के उपस्थिति में सीरवी समाज के नाबालिक 10 वर्षीय बिटिया को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सीरवी समाज चाचोड़ी राजपुरोहित समाज चाचोड़ी ने नाबालिग की हत्या को लेकर गहरा दुख जताया है। पिचावा हत्या के विरोध में जिले भर में भारी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है पाली भाजपा जिला परिवार के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान सरकार के विरोध जिला मुख्यालय पर बिटिया को न्याय दिलाने के लिए जन आक्रोश रैली की। चाचोडी में 30 जनवरी 2022 को गांधी चौक स्थित समस्त ग्राम वासियों द्वारा मासूम बालिका को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी

## गुण्डे मवालियों के हाथ साधु संत और मंदिरों के पैसों पर होने लगे साफ

अटेर क्षेत्र के हिम्मतपुरा का का मामला है जहां संत कृष्णानन्द गिरी बाबा आश्रम पर रहते है जो घाट वाले बाबा के नाम से जाना जाता है और कृष्णानंद गिरी बाबा ने आश्रम पर मंदिर भी बनवाया हे मंदिर के कार्य के लिए रखा हुआ था पैसा दान-दाताओं एवं भक्तों द्वारा दान में दी गई राशि 196301 रू (एक लाख छियानवे हजार तीन सौ एक रूपये) रखे हुए थे

**पुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता विवेक पाण्डेय भिण्ड।**
**दूरभाष- 7509181732**

अरविन्द यादव पुत्र लायक सिंह यादव, उमेश यादव पुत्र रमन सिंह यादव ग्राम हिम्मतपुरा लात घूंसे करके चंदे की रखी हुई राशि को लेकर भाग गए उसी गांव के निवासी होकर आपराधिक प्रकृति के व्यक्ति है। उनका असामाजिक व्यक्तियों के साथ उठना-बैठना रहता है तथा उक्त लोग नशा करने के आदि है तथा आये दिन उक्त अरविन्द यादव एवं उमेश यादव प्रार्थी के आश्रम पर आकर नशा करने लगते है। प्रार्थी के द्वारा यह कहने पर कि यहाँ पर नशा. नहीं करो तो उक्त लोग प्रार्थी के साथ दुर्व्यहार करने पर अमादा हो जाते है।

4. यहकि दिनांक 30.12.021 को उक्त अरविन्द यादव एवं उमेश यादव रात्रि करीब 8 बजे प्रार्थी के आश्रम पर आये और उन्होंने प्रार्थी के आश्रम पर आकर शराब पी तथा प्रार्थी से कहा कि उन्हें खाना दो तो प्रार्थी ने भण्डारे में रखा हुआ खाना सब्जी एवं टिक्कर दिये थे और उक्त अरविन्द यादव एवं उमेश यादव खाना खाने के बाद प्रार्थी को माँ-बहनों की गन्दी गन्दी गालियाँ देकर अपमानित करने लगे तो प्रार्थी ने उसी समय रात्रि 8 बजे तीन बार टी.आई. साहब अटेर को फोन किया टी.आई. साहब ने प्रार्थी से कहा कि आप थाने पर आकर रिपोर्ट करना, हम कार्यवाही करते है मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई कुछ देर तक अरविंद व उमेश गाली गलौज करने के बाद चले गए तथा उसी दिनांक 30 1221 की रात्रि में करीब 3-00 बजे अरविंद यादव एवं उमेश यादव अपने अन्य दो साथियों के साथ प्रार्थी के आश्रम पर आए तो अन्य दो आदमी थे वह मुंह बांधे हुए थे अरविंद यादव उमेश यादव उसके अन्य 2 साथी आश्रम के अंदर घुस कर लात घूंसे और तोड़फोड़ करके चंदा की रखी हुई राशि ?196301 लेकर भाग गए।



## हत्या के मामले में कार्यवाही ना होने पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जिले के सुभाष पुरा थाना अंतर्गत ग्राम करसेना अंतर्गत में राकेश जाटव की हत्या करने वाले आरोपी रामसेवक जाटव पुत्र दौजी जाटव निवासी ग्राम जताबल जिला मुरैना हॉल निवास ग्वालियर जिस पर हत्या का प्रकरण पुलिस भाना सुभाषपुरा में एफआईआर नम्बर 0010 दिनांक 23.01.2022 पंजीबद्ध हुआ है के प्रकरण को फास्टैक न्यायालय में चलाये जाने एवं हत्यारे को फांसी की सजा दिलाये जाने एवं आरोपी की चल-अचल सम्पत्ति राजसात और नष्ट करवाये जाने हेतु बहुजन समाज पार्टी द्वारा मांग करने के लिए कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कि जिलाध्यक्ष बहुजन समाजपार्टी को जानकारी मिलते ही अपनी टीम के साथ राकेश जाटव की हत्या की ग्राम करसेना थाना सुभाषपुरा अंतर्गत राकेश जाटव की हत्या करने वाले आरोपी रामसेवक जाटव पुत्र दौजी जाटव निवासी ग्राम जताबल जिला मुरैना हाल निवास ग्वालियर जिसकी ग्राम करसैना में 6-7 बीघा भूमि भी स्थित है जिस पर हत्या का प्रकरण पुलिस भाना सुभाषपुरा में एफआईआर नम्बर 0010 दिनांक 23.01.2022 पंजीबद्ध हुआ है उक्त आरोपी के बारे में जानकारी मिली है कि उस पर पहले से ही 07 अपराध पंजीबद्ध है। जिसमें सुभाषपुरा थाने में 4, कोतवाली



शिवपुरी में शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने, ग्वालियर में बेलगडा थाने में हत्या व घाटीगाँव में धोखाधड़ी के प्रकरण में पंजीबद्ध है।

यह कि ऐसे कुख्यात आरोपी रामसेवक जाटाव के विरूद्ध इतने गंभीर अपराध कई पुलिस थानों में कायम है ऐसे अपराधी की फास्टैक कोर्ट के न्यायालय में सुनवाई हेतु प्रकरण भिजवाया अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि पुलिस सुभाषपुरा के सामने कुख्यात बदमाश के द्वारा सरेआम धमकी दी गयी है कि अभी तो मैंने एक व्यक्ति की हत्या की गयी है छूटने के बाद पूरे परिवार को जान से खत्म कर मार दूँगा और गॉव से बेदखल कर दूँगा। ऐसे कुख्यात बदमाश हत्यारे को फॉसी की सजा दिलायी जाना आवश्यक है। ऐसे कुख्यात बदमाश हत्यारा आरोपी के प्रकरण को फास्टैक कोर्ट न्यायालय शिवपुरी में चलवाया जावे एवंआरोपी की चल-अचल सम्पत्ति शासन हित में जप्त की जाकर आरोपी को शीघ्रातिशीघ्र फॉसी की सजा दिलवाये जाने हेतु आदेश प्रदान करने का कष्ट करें

## पन्ना पुलिस ने 06 घण्टे के अन्दर अपहृता को दस्तयाब कर मामले के 01 आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक - 29/01/2022**

दिनांक 28/01/2022 को फरियादी द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि फरियादी की नाबलिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 32/22 कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया । थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा उक्त अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना को जानकारी दी गई पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की जाकर तत्काल अपहृता को दस्तयाब करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी शाहनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर अपहृता की तलाश की गई एवं मुखबिर सूचना के आधार पर अपराध कायमी के 6 घंटे के अंदर ही मामले की अपहृता को खमतरा बस स्टैंड से दस्तयाब किया जाकर प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है अपहृता के कथनानुसार मामले में आरोपी के विरूद्ध बालात्कार एवं पास्को एक्ट की धाराओं का



इजाफा किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक विजय कुमार, उनि रवि सिंह जादौन, उनि प्रज्ञा परौहा, प्र.आर. शिवराज सिंह, आर. रंजीत सिंह ,बिजय बिल्लोरे, सुरेश यादव, अनिल बघेल एवं महिला आर. रश्मि गौर का सराहनीय योगदान रहा है पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम की कार्यवाही की प्रशंसा की गई है ।

# लड़ाई कठिन जरूर है परंतु कांग्रेस के सच्चे सिपाही के साथ कठिन से कठिन लड़ाई जीती जा सकती है: विधायक मेवाराम जाटव


### घर-घर चलो अभियान के तहत मण्डलम सेक्टर के गठन को लेकर विधायक कार्यालय पर हुआ मीटिंग का आयोजन।

**गोहद।** कांग्रेस पार्टी इन दिनों संगठन को मजबूत करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है जिसके लिए जिलास्तर, ब्लाक स्तर, मंडलम, सेक्टर, पोलिंग बूथ, मतदाता सूची एवं मतदाता सूची पृष्ठ प्रभारी सहित कई पदों को भरने व नए सदस्यों को जोड़ने का कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है इसी के अंतर्गत आज गोहद विधायक बंगले पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष आशीष गुर्जर के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने की बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में गोहद विधायक मेवाराम जाटव में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गोहद ब्लॉक कांग्रेस, मालनपुर ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, गोहद मंडलम, सेक्टर वं बूथ लेवल के पदाधिकारी व वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित रहे। बैठक मैं पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए विधायक मेवाराम जाटव ने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा से है जिसमें आर एस एस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, धर्म जागरण मंच जैसे एक सैकड़ा से अधिक संगठन है। इनसे लड़ना कठिन जरूर है परंतु कांग्रेस के सच्चे सिपाही के साथ कठिन से कठिन लड़ाई लडकर जीती जा सकती है जिसके लिए हमारे नेता कमलनाथ जी के द्वारा घर घर चलो अभियान चलाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है कांग्रेस की सरकार मैं कमलनाथ जी के द्वारा किसानों की कर्ज माफी की गई, विधवा बेसहाराओं आदि की पेंशन 300 से बढ़ाकर 600 की गई बाद में इसे 1000 करने का प्रावधान था, इसी प्रकार गरीबों की शादी के लिए 25000 से बढ़ाकर 51000 किए गए गांव-गांव गौशाला बनाने का कार्यक्रम चलाया गया। परंतु बीजेपी ने षड्यंत्र कर विधायकों की खरीद-फरोख्त कर



जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को गिरवाकर लोकतंत्र की षडयंत्र पूर्वक हत्या की गई जिसे जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने सम्मान पूर्वक अटल बिहारी जी का उदाहरण देते हुए कहा कि अटल जी ने कहा था कि खरीदी हुई सरकार जनता का कभी भला नहीं कर सकती। भाजपा की सरकार खरीदे हुए विधायकों के द्वारा चलाई जा रही है जो जनता का कभी भी भला नहीं कर सकती भाजपा के पूर्व विधानसभा नहीं चलने दे रही उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि विधानसभा का सत्र मात्र 3 से 5 दिन तक बुलाया जाता है क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस के विधायक विधानसभा में प्रश्न पूछेंगे और सरकार को घेरेंगे तो विधानसभा खानापूर्ति के लिए मात्र 3 से 5 दिन ही चलाई जाती है आम सभा में विधानसभा में जनता की आवाज को दबाना यह लोकतंत्र एवं जनता के साथ षड्यंत्रकारी अन्याय है। जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने संगठन के विस्तार को लेकर हां जी द्वारा बनाए गए कार्यक्रम के प्रोफार्मा वह फार्म को विस्तारपूर्वक समझाया उन्होंने कहा कि हमारे नेता कमलनाथ जी के कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने में हम कामयाब रहे तो आगे आने वाले कई वर्षों तक हम कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने एवं सत्ता तक पहुंचने में कामयाब होंगे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल ने किया। बैठक को जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, गणेश राम शर्मा, केशव देसाई, डॉ रणवीर यादव, संग्राम सिंह तोमर, कुलदीप सिंह गुर्जर, केदार कौशल, हसीन खान आदि ने बैठक को संबोधित किया बैठक में अबधकिशोर उर्फ बंटी गुर्जर, वीपी गुर्जर, डॉ धर्मवीर दिनकर, साबू खान, रमजान खान, राजू गुर्जर, बॉबी जर्मन, राजेंद्र परिहार, अजीत पहलवान, राकेश तिवारी, महेश दुबे, रणवीर गुर्जर, मुन्नेष शर्मा, रामहेत जाटव, विजय निगम, देवेंद्र पाठक, बबलू बरैया, केलाश माहौर, गुड्डी शर्मा, गजेंद्र बंसल, रागिनी चौहान, मालती जाटव सहित उपस्थित थे।






क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा माता मणि मालाखंगार जयंती मनाई गई पोहरी आज क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा माता मणि माला खंगार जयंती मनाई गई जिसमें क्षत्रिय खंगार समाज की महिलाएं उपस्थित रहे क्षत्रिय खंगार समाज द्वारा बलिदान दिवस 29 जनवरी को मनाया जाता है जिसमें सभी महिलाओं ने एकत्रित होकर माता मणि माला कंगाल जयंती मनाई गई धूमधाम के साथ माता मणि खंगार माला के इतिहास की जानकारी महिला एवं सभी भाइयों को दी गई जिसमें मुख्य रुप से लता परिहार नीतू परिहार कला परिहार सोनीपुरा अंशुल परिहार रीना रामवती परिहार एवं महिलाएं युवा घनश्याम परिहार एडवोकेट अरुण खंगार युवा ब्लॉक अध्यक्ष सोनी पुरा राजा उपस्थित रहे

## पुलिस थाना पिछोर शिवपुरी ने हत्या के प्रकरण में 3 वर्ष से फरार 2000 का ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** खबर जिले के पिछोर तहसील से है पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ग्राम परिहारी से हत्या के प्रकरण में विगत 3 वर्ष से फरार ?2000 के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। दिनांक 11-11-19 को आरोपी ने फरियादिया निवासी पनिहारी के पति व देवर की जमीन के विवाद को लेकर घर में तैयारी के साथ घुसकर कुल्हाड़ी से मारपीट कर चोटें पहुंचाई जिससे फरियादिया के पति हरनारायण की मृत्यु हो गई थी ।आरोपी के साथ घटना में उसके साथ उसका पिता , दो भाई , व उसका बाल अपचारी एक भाई भी था । घटना दिनांक से आरोपी फरार था ।आरोपी के विरुद्ध मान्यनीय न्यायालय पिछोर शिवपुरी द्वारा आरसीटी 46/20 थाना पिछोर के अपराध क्रमांक 461/19 धारा 452 ,323 ,324,294 , 506 ,34 , 449 302 326 आईपीसी में स्थाई गिरफ्तारी वारंट दिनांक 6/2/20 से लंबित था । आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा ?2000 के ईनाम की घोषणा की गई थी । पिछोर टीम में उपनिरीक्षक जूली तोमर, सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक देवेंद्र पाराशर, हिमांशु चतुर्वेदी , घनश्याम सिंह परमार ,आरक्षक चालक हरीश जाट ,सैनिक राकेश परमार , राहुल भार्गव व सरनाम लोधी शामिल रहे।




## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीड़ी शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव भारतीय जनता पार्टी के यसस्वी प्रदेश अध्यक्ष बीड़ी शर्मा का मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दंदरौआ धाम हनुमान मंदिर पर व ग्राम चिरोल पर भव्य स्वागत हुआ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीड़ी शर्मा ने दंदरौआ धाम पहुँचकर सर्व प्रथम हनुमानजी महाराज के दर्शन का लाभ लेकर धाम के महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तदुपरांत बीडी शर्मा जी जैसे ही अपने काफिला के साथ ग्राम चिरोल पहुचे जहाँ पर भाजपा के बरिष्ठ नेता समाजसेवी अशोक भारद्वाज के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का ढोल नगाड़े आतिशबाजी चलाकर भव्य स्वागत किया गया श्री बीड़ी शर्मा के साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चोधरी सांसद संध्या राय प्रदेश सरकार के मंत्री ओपीएस भदौरिया जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर साथ रहे।

### इन्होंने किया स्वागत

भाजपा के बरिष्ठ नेता अशोक भारद्वाज मो नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज मण्डल अध्यक्ष गजेंद्र भदौरिया सुभाष थापक राजबीर गुर्जर छोटू तिगुनायत मुकुट सरपंच जेल सिंह नरवरिया अबधेश बघेल तेज सिंह चौहान श्रीकृष्ण कटारे रामसिया शर्मा देव चोधरी उज्ज्वल कटारे बॉबी जेन अनिल शर्मा सन्तोष गिरी आदि जन मौजूद रहे

## तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन ने 73वें गणतंत्र दिवस मनाया

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई–**विल्लीवाक्कम शाखा कि तरफ सु देश का 73वें गणतंत्र दिवस समारोह विल्लीवाक्कम जैन भवन झंण्डा फेराकर कर बडी धुम धाम से मनाया गया ।इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन विल्लीवाक्कम शाखा के अध्यक्ष सोहनलाल सोनी ने किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रदेश कोषाध्यक्ष एस नरेशपुरी गोस्वामी ने भाग लिया। वह सभा को



सम्बोधित किया ।इस कार्यक्रम मे विल्लीवाक्कम शाखा के उपाध्यक्ष मोहनलाल राठौड़ सचिव मिट्ठालाल भाटी, भॅवरलाल सीरवी, पाच्चाराम सीरवी, उत्मचन्द दुगड़, मांगीलाल, तेजाराम ,मुलाराम ,उमेदराम, गोपाराम, कुनाराम ,राजूराम ने भाग लिया ।इस सभा को सम्बोधित करते हुए स्वामी तेजानन्द ने तामीलनाडु गिरवी ऐवम ज्वेलर्स व्यापारियों से आवान किया कि सभी व्यापारी कानून के दायरे मे रह कर व्यापार करे साथ ही किसी तरह कि गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल नही होवे जो व्यापारी गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होंगा ।उस व्यापारी का भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन किसी किमत सहायता नही करेंगा सभा को सम्बोधित करते हुए तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष एस नरेशपुरी गोस्वामी ने प्रदेश के सभी व्यापारियों से आवान किया कि सभी व्यापारी सभी लेन देन लिखीत रुप मे करे जेसे जिस तरह गिरवी का बिल बनाकर रुपये देते उसी तरह पुराने आभूषण खरीदने का भी बिल बनाकर खरीदे ।



## मौं मंण्डल ने किया प्रदेश अध्यक्ष जी का जोरदार स्वागत

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

मौ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एंव खजुराहों सांसद बिष्णू दत्त शर्मा जी प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चोधरी भिण्ड दतिया सांसद संध्या राय मध्य प्रदेश सरकार मैं मंत्रीं ओपी एस भदोरिया जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर भिण्ड के प्रभारी जय प्रकाश राजौंरिया जी का मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने अपनी टीम के साथ ददरौंआ मोंड पर जोरदार स्वागत किया इस अबसर पर मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह अशोक भारद्वाज सज्जन सिंह यादव मर्जाद सि़ह यादव मेहबूब खां मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मोर्य कोक सिंह कुशबाह हरनारायण कुशबाह रामजीलाल शर्मा फरेन्द सिकरवार रामख्तयार गुर्जर शुरेश छारी मुरारी यादव बलबीर जाटव रघुराज जितरबई डां बेताल गोड सुभम राठौंर रामू कुशबाह रामकेश गुर्जर सोमबीर सिबहरे कोमल यादव धर्मैन्द राणा नरेन्द तोमर परमाल कुशबाह जर्दान सिंह कुशबाह बेताल सिंह कुशबाह ध्यानेन्द जाटव पंचम जाटव गुप्ता जाटव लल्लूराम कुशबाह गिर्राज यादव दीपक यादव रामनरेश कुशबाह आदि।




## रज से ही पतन,रज से ही उद्धार- नंदिनी भार्गव

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी–**खबर जिले के दिनारा के राजपुर सनौरा के श्री हनुमान मंदिर पर चल रहे श्री राम चरित मानस सम्मेलन के तृतीय दिवस श्री राम विवाह, अहिल्या उद्धार के साथ रामायण के अन्य प्रसंगों का भी वर्णन वाल योगी नंदिनी भार्गव ने बडे ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किये। भगवान श्री राम की लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा वाचक नंदिनी भार्गव ने कहा कि किस प्रकार रजोगन के कारण, अहिल्या का पतन हुआ लेकिन उद्धार भी रज के कारण ही हुआ,वस दौनो मैं अंतर सिर्फ इतना है कि जिससे पतन हुआ वो काम रूपी रज थी और जिस से उद्धार हुआ वो राम रूपी रज थी।साथ ही राम विवाह के प्रसंग भी,रोचक तरीके से सुनाये गये।इस सम्मेलन में अन्य जगहों से भी संत पधार रहे हैं।

## असुविधा से बचने के लिए जल्दी ही करें अपने बिल का भुगतान नहीं तो कट सकता है कनेक्शन - जेएम श्रीवास्तव

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–**खबर शिवपुरी के चाबी घर से आ रही है जहां शिवपुरी शहर में उपभोक्ता प्रबंधक श्री रितेश श्रीवास्तव के निर्देशन में 22 टीमों का गठन किया गया है जो सारी वसूली कनेक्शन काटने की कार्यवाही करेंगे टीमों के द्वारा अभी तक 104 कनेक्शन काटे गए तथा 16.50 लाख की वसूली की गई है वही जेएम श्रीवास्तव जॉन प्रभारी ने बताया कि असुविधा से बचने के लिए अविलंब ना करें और जल्द से जल्द भुगतान करें जिससे लोगों को बिजली की परेशानी का सामना ना करना पड़े और वही इस समस्या से बचने के लिए जॉन प्रबंधक जेएम श्रीवास्तव द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अगस्त 2020 के स्थगित किए गए बिल की राशि पर 40त्न की छूट दी जाएगी जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी 2022 निर्धारित की गई है। इसके बाद इस छूट का लाभ लोगों को नहीं मिल पाएगा इसलिए जल्द से जल्द अपने बिलों का भुगतान करें और होने वाली समस्याओं से बचें।

# बुथविस्तारक योजना से पार्टी का जनाधार समाज के हर बर्ग में बढेगा: भदौरिया





**गोरमी से अरविंद जैन पुष्पांजलि टुडे**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बूथ विस्तारक योजना कार्यक्रम के तहत गो रमी मंडल के बूथ क्रमांक 71 की बूथ समिति की बैठक का आयोजन नगर के वार्ड नंबर 7 स्थित यादव मोहल्ला में किया गया बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मेहगांव नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ममता भदौरिया एबम विशेष अतिथि के रूप में बरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ममता भदौरिया ने कहा बूथ विस्तारक योजना से पार्टी के संगठन के विस्तार के साथ साथ पार्टी का जनाधार समाज के हर वर्ग में बढ़ेगा हम सब कार्यकर्ता जिस बूथ पर जा रहे हैं वहां हम सब को केंद्र सरकार की एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी समाज के हर वर्ग को देना है जिन लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है ऐसे हितग्राहियों का हम सब को सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने बूथ विस्तारक योजना की जानकारी विस्तार से बताई एवं कार्यकर्ताओं से बूथ पर जाकर पूरी ताकत से ऐसी मजबूत बूथ समितियों का गठन करने की अपील की जो पार्टी की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले एवं पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम हम सबको अब बूथ स्तर तक मनाना है ऐसी हमारी तैयारी होना चाहिए बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एवं अंत में आभार प्रगट बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने किया बैठक में मुख्य रूप से नगर केंद्र के विस्तारक पटेल यादव आईटी एक्सपर्ट विजय कुशवाहा स्थानीय प्रबंधक दिनेश यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज यादव भानु यादव गब्बर सिंह तोमर वीरू दीक्षित बीटू यादव बल्देव यादव सूरतराम यादव अंगे यादव उज्वल कस्त्रे अरविंद जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

# प्रेम ,शांति, और आनंद के धन को एटीएम से निकालना है तो उसका पासवर्ड है धर्म-मुनिश्री





## मुनिराजों के दर्शनों आने वाले भक्तगण प्रवचनों को लाभ ले रहे है

ग्वालियर-ः धर्म इंसानियत की दहलीज पर प्रेम और मोहब्बत का जलता हुआ चिराग है। इस चिराग का उपयोग आगजनी के लिए नहीं सबके जीवन को रोशन करने के लिए करना चाहिए। प्रेम ,शांति, और आनंद के धन को एटीएम से निकालना है तो उसका पासवर्ड है धर्म की आराधना है।यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने शनिवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मोजूद थे।

मुनिश्री ने आगे कहा कि धर्म सरल है मगर उस पर चलना कठिन है कठिन उनके लिए है जो चलना नहीं चाहते हैं। अगर हम धर्म का ऐसा स्वरूप बनाते हैं। तो पूरी दुनिया धर्म का आचरण करने के प्रति स्वयं समर्पित हो जाएगी। तब यह धरती किसी भगवान का मंदिर और तीर्थ बन जाएगी। धर्म सात्विक और पवित्र जीवन जीने का दिव्य मार्ग है। यह केवल नरक से बचाने के लिए यह स्वर्ग पाने के लिए नहीं अपितु मन के विकारों को शांत करने के लिए और कषायो से मुक्ति प्राप्त करने के लिए है।

## मुनिश्री को समाजजनों ने शास्त्र भेंटकर धर्मसभा का शुभारंभ हुआ

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी रीना दीदी ने मंगल चरण कर किया। मुनिश्री के चरणों में योगेश बोहरा, विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, संजीव अजमेरा, पंकज छाब?ा, अनिल जैन, पंकज जैन, व गुरु भक्तों ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। शाम को गुरुभक्तों ने मुनिश्री दीपो से भजनों के साथ भव्य आरती की गई। मुनिश्री के मंगल प्रवचन ऑल लाइन 9ः00 बजे आयोजित होते है

## अहंकार हथौड़े की तरह व विनम्रता चाबी की तरह है

मुनि ने आगे कहा कि अहंकार हथौड़े की तरह है ओर विनम्रता चाबी की तरह है- हथौड़े से ताला टूटता है पर चाबी से ताला खुल जाता है। अहंकारी व्यक्ति जहां घरवालों से के दिल से उतर जाता है, वही विनम्र व्यक्ति प?ौसियों के दिल में भी जगह बनाने में सफल हो जाता है। जाति, कुल, जमीन, जायदाद इन सब का उपयोग कीजिए। अभिमान नहीं जीवन का अंतिम सत्य यही है। जीवन के अंत में 6 फुट जमीन दो गज कफन का टुकड़ा नसीब हो जाए। तो समझ लेना अपने जीवन की बाजी जीत ली है।

# पार्कों से निकलने वाले कचरे से बनेगी वर्मी कंपोस्ट खाद



ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत घरों से सूखा व गीला कचरा अलग अलग लिया जा रहा है साथ ही बडे प्रतिष्ठानों, संस्थानों आदि से स्वयं की जगह पर गीले व सूखे कचरे को कम्पोस्ट कर खाद बनाने के साथ ही पार्कों से निकलने वाले कचरे के लिए वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने का कार्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया जाएगा। नोडल अधिकारी पार्क ने जानकारी देते निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत विभिन्न पार्को में वर्मी कंपोस्ट बनाने के संदर्भ में जमनाबाग नर्सरी में वर्मी कंपोस्ट बनाने का कार्य का शुभारंभ अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के द्वारा किया गया। जसमें अफ्रीकन केचुए के द्वारा सूखे पत्तो, गोबर आदि का उपयोग करके खाद बनाने का कार्य और नाडेप टाका के द्वारा खाद बनाने का कार्य नगर निगम के पार्क विभाग की टीम के द्वारा किया गया। इस मौके पर पार्क अधीक्षक श्री मुकेश बंसल, श्री ब्रजेश शुक्ला, पार्क पर्यवेक्षक श्री अनिल धाक? साथ ही पार्क विभाग की टीम उपस्थित रही।

# गारबेज शुल्क की दरें इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर के समान निर्धारित की जाए : एमपीसीसीआई

**गारबेज शुल्क की दरें निर्धारित करने हेतु आयुक्त, नगर-निगम के साथ बैठक आयोजित**

ग्वालियर। गारबेज शुल्क की दरों पर विचार करने हेतु आयुक्त, नगर-निगम, श्री किशोर कान्याल के सानिध्य में आज एक बैठक का आयोजन 'बाल भवन' में किया गया । बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, नगर-निगम, आर. के. श्रीवास्तव एवं मुकुल गुप्ता भी उपस्थित थे ।

बैठक में एमपीसीसीआई के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने कहाकि नगर-निगम, ग्वालियर द्वारा शहरवासियों से गारबेज शुल्क इन्दौर,



भोपाल एवं जबलपुर की अपेक्षा अधिक वसूल किया जा रहा है, जबकि इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर नगर-निगम द्वारा ग्वालियर की अपेक्षा कहीं अधिक सुविधाएँ अपने शहरवासियों को उपलब्ध कराई जा रहीं हैं । पदाधिकारियों ने आयुक्त, नगर-निगम, श्री किशोर कान्याल से कहाकि इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर नगर-निगम द्वारा लिए जा रहे गारबेज शुल्क का अध्ययन कर, उसके समान ही ग्वालियर में गारबेज शुल्क की दरें निर्धारित की जाए । गारबेज शुल्क की दरें किसी भी स्थिति में नगर-निगम, इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर से अधिक नहीं होना चाहिए । साथ ही, गारबेज शुल्क के रूप में शहर की जनता से वसूली गई अधिक राशि को आगामी सम्पत्ति कर में समायोजित किया जाए । आयुक्त, नगर-निगम, श्री किशोर कान्याल ने एमपीसीसीआई द्वारा रखे गए प्रस्ताव को काफी गंभारता से लेते हुए आश?वासन दिया कि इन्दौर, भोपाल एवं जबलपुर, नगर-निगम द्वारा लागू गारबेज शुल्क की दरों का अध्ययन किया जाएगा।

# उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण कर देखी सफाई व्यवस्था, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में प्रथम स्थान पर लाने के लिए निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसर नयी-नयी प्रतियोगिताए एवं प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छता को लेकर स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्तों को सख्ती से सफाई कार्य कराए जाने एवं मोनिटरिंग के निर्देश दिये है। निगमायुक्त के निर्देश पर आज दिनांक 29 जनवरी 2022 को उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चैहान द्वारा वार्ड क्रमांक 8,12 एवं 17 का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर चेक किए गए। जिनमें अनुपस्थित कर्मचारियों पर दंड स्वरूप वेतन काटे जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही वार्ड में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले वाहनों पर संधारित फीडबैक रजिस्टरों को भी चेक किया गया। वार्डो की सतत मोनिटरिंग के लिए प्रभारी स्वच्छता निरीक्षकों को मोनिटरिंग रजिस्टर संधारित कराया गया है। उक्त रजिस्टरों का निरीक्षण कर रात्रि कचरा कलेक्शन और गोबर कलेक्शन की मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये। पूर्व से ही उपायुक्त स्वास्थ्य द्वारा सभी डब्ल्यूएचओ को निर्देशित किया गया है कि अपने कर्मचारियों पर पूर्ण नियंत्रण रखें एवं अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।

# ग्वालियरः जबलपुर-निजामुद्दीन में बेटिकट यात्री ने की चेन पुलिंग

## बेटिकट यात्री ने ट्रेन से उतरने के लिए खींची ट्रेन, आरपीएफ ने पकडा, हुई रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई

ग्वालियर। जबलपुर से चलकर हजरत निजामुद्दीन जा रही ट्रेन संख्या 22181 को बेटिकट यात्री ने चेन पुलिंग कर डबरा स्टेशन के आउटर पर रोक दिया। जैसे ही यात्री ट्रेन से उतरा, वैसे ही गश्त कर रहे आरपीएफ जवानों ने उसे पक?कर रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। चूंकि यात्री के पास टिकट नहीं था, इसलिए उसे ग्वालियर लाकर आगे की कार्रवाई के लिए सीटीआइ को सौंप दिया गया।

आरपीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक गत शुक्रवार को पिछोर निवासी सुनील पुत्र करण सिंह जाटव वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन से डबरा के लिए जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में सवार हुआ था। इस ट्रेन का स्टापेज डबरा में नहीं है। ऐसे में सुनील ने डबरा स्टेशन आने से पहले ही चेन खींच दी। इससे ट्रेन आउटर पर ही रुक गई। ट्रेन रुकते ही आरपीएफ जवान सक्रिय हुए और ट्रैक पर गश्त करना शुरू कर दिया। इसी दौरान ट्रेन से सुनील नीचे उतरा तो आरपीएफ जवानों ने उसे पक?कर पूछताछ शुरू कर दी। उसने चेन खींचना स्वीकार किया तो तुरंत ही उसे डबरा से ग्वालियर लाकर उसके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## नींद खुली तो खींच दी चेन

श्रीगंगानगर-नांदे? एक्सप्रेस में दिल्ली से ग्वालियर के बीच यात्रा कर रहे एक यात्री को गहरी नींद लग गई। देर रात 3ः21 बजे ट्रेन ग्वालियर स्टेशन पहुंची, लेकिन यात्री की नींद नहीं खुली। जैसे ही ट्रेन ने चलना शुरू किया, वैसे ही यात्री की आंख खुली। ऐसे में उसने ट्रेन की चेन खींच दी। आरपीएफ ने इस मामले में भी रेल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।




## संक्षिप्त समाचार

### विधायक डॉ.सतीश सिकरवार ने किया सी.सी रोड़ का भूमि पूजन

ग्वालियर। आज वार्ड 18 ''दीनदयाल नगर'' के म्प्प्प् ब्लॅाक में लिटिल मिलेनियम स्कूल के आसपास वाली गलियों में राशि 21.00 लाख की लागत से एवं लक्ष्मी किराना स्टोर श्रीमती रामदेवी के पास जयवीर श्रीवास्तव, श्रीमती अंगूरी म्प्स्प् 683 गीता मिश्रा के मकान तक म्प्स्प् ब्लॉक में राशि 20.94 लाख से बनने वाली सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य के लिये, ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार जी ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. सतीश सिकरवार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्र का विकास, प्रगति, उन्नति के लिये हमेशा काम करता हॅू और करता रहूंगा। क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री पण्डित अशोक शर्मा, प्रेम मुजुमदार, श्रीमती ममता देवी, श्रीमती ममता पाण्डे, गुड्डू राजावत, डॉ. रविन्द्र कुशवाह, सन्तोष तोमर, सावधान तोमर, दीपेन्द्र राजावत, पुनीत बेस, आदि क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।




# कांग्रेस आज 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर नमन करेगीः डॉ देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज बताया कि शांति और अंहिसा के पुजारी भारत की आजादी के आंदोलन के प्रेरणास्त्रोत राष्टपिता महात्मा गांधी जी की 74वीं पुण्यतिथि पर आज 30 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे फूलबाग स्थित गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नमन किया जायेगा।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि राष्टपिता महात्मां गांधी जी की पुण्यतिथि पर आज 30 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे फूलबाग स्थित राष्टपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर सीधे पहुंचेगे, जहां पर रामधुन के साथ बापू के संदेशो को याद किया जायेगा, तदपष्चात बापू के चरणो में नमन करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जायेगा। इस अवसर पर विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयुआई, विभाग प्रकोष्ठ, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याषी सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

# ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार किया वाहन चोर

### वारंटी को तलासने गई पुलिस को टीम को देखकर एक बाइक सवार भागने लगा। पुलिस ने जब उसे दबोचा तो वह वाहन चोर निकला

ग्वालियर। हुरावली थाना क्षेत्र में वारंटी तुलाश रही पुलिस को देखकर एक बाइक सवार भागने लगा। बाइक सवार को भागते देखकर पुलिस आरोपित के पीछे लगी और और चार किलोमीटर पीछा कर दबोच लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि पकड़ा गया युवक वाहन चोर है और जिस बाइक से भागा था वह चोरी की थी और उसने पुलिस से बचने के लिए उसकी नंबर प्लेट बदली हुई थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एएसपी राजेश डंडोतिया ने बताया कि बीती रात थाना प्रभारी सिरोल गजेन्द्र धाकड़, प्रधान आरक्षक रविन्द्र सिंह, आरक्षक मातादीन धाकड़, अरविन्द्र, रामप्रीत सिंह वारंटी तलाशने के लिए हुरावली स्थित सी ब्लॉक पहुंचे थे। अभी वह वारंटी तलाश ही रहे थे कि तभी एक युवक बाइक से आता दिखा, जो पुलिस को देखते ही बाइक वापस मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने समझा वारंटी पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास कर रहा है। इसका पता चलते ही पुलिस ने बाइक सवार का पीछा किया और सात नंबर चौराहे पर दबोच लिया। पुलिस ने जब पकड़े गए युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम आनंद यादव पुत्र कृपा शंकर यादव निवासी सी ब्लॉक हुरावली बताया और पुलिस को देखकर डरकर भागना बताया। पुलिस ने जब नंबर प्लेट की जांच की तो वह गलत मिली। जब उससे पूछताछ की तो पहले उसने पुलिस को बाइक खड़ी मिलना बताया और पुलिस से बचने के लिए नंबर प्लेट बदलना स्वीकार किया। जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो उसने बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने पकड़े गए चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए चोर से पूछताछ के बाद कई वाहन वोर तथा वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा हो सकता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478